दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
■ Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 14 | अंक : 297 | जयपुर | रविवार, 01 सितम्बर, 2024 | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष चतुर्दशी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹2 | पृष्ठ : 08
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## पेपर लीक मामले में पांच ट्रेनी एसआई हिरासत में




### • आरपीए से सुबह पकड़ा, पूछताछ के बाद गिरफ्तारी संभव • आरपीएससी के पूर्व सदस्य के बेटा-बेटी को भी पकड़ा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजस्थान पुलिस सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा-2021 के पेपर लीक मामले में एसओजी लगातार कार्रवाई कर रही है। इससे पेपर लीक के जरिए नकल कर थानेदार बने ट्रेनी थानेदारों में हड़कंप मचा हुआ है। एसओजी नकलची ट्रेनी थानेदारों को चुन-चुनकर शिकंजे में ले रही है। शनिवार को एसओजी ने आरपीए से पांच ट्रेनी एसआई को हिरासत में लिया है। एसओजी इन ट्रेनी एसआई से पूछताछ कर रही है। ट्रेनी एसआई में 3 पुरूष और दो महिला शामिल है। एसओजी ने आरपीएससी के पूर्व मेम्बर रामू राम राईका के बेटे व बेटी को भी पकड़ा है। दोनों ने एसआई भर्ती में अच्छी रेंक प्राप्त की थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार एसओजी की टीम आज सुबह करीब 11 बजे राजस्थान पुलिस अकादमी पहुंची और पूर्व की जांच के आधार पर वहां पर ट्रेनिंग कर रहे पांच एसआई को हिरासत में ले लिया। इनको एसओजी कार्यालय लाकर पूछताछ की जा रही है। पूछताछ के बाद इनकों अरेस्ट किया जा सकता है।

एसओजी एडीजी वीके सिंह ने बताया कि शनिवार को आरपीए से पांच ट्रेनी एसआई को हिरासत में लिया है। अब तक की जांच में मिले तथ्यों को लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है। साक्ष्यों के मिलान के बाद आरोपियों को अरेस्ट किया जाएगा। हिरासत में लिए गए ट्रेनी एसआई में आरपीएससी के पूर्व मेम्बर रामू राम राईका का बेटा- बेटी भी शामिल है।

#### अब तक 33 ट्रेनी एसआई और 17 नकल माफिया गिरफ्तार

एसओजी के एडीजी वीके सिंह ने बताया कि एसआईटी के गठन के बाद फरवरी-मार्च के महीने से एसआई पेपर लीक भर्ती परीक्षा में लिप्त नकलची थानेदारों और नकल माफिया की धरपकड़ करना शुरू कर दिया था जो कि लगातार जारी है। सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा में अब तक कुल 33 ट्रेनी सब इंस्पेक्टर गिरफ्तार हो चुके हैं। इनमें एक की जमानत हो गई, बाकी जेल में हैं। इसके अलावा तीन ऐसे गिरफ्तार आरोपी हैं, जिन्होंने एसआई भर्ती में चयन के बावजूद सर्विस ज्वॉइन नहीं की। इनके अलावा जगदीश बिश्नोई, ओमप्रकाश ढाका, हर्षवर्धन सिंह और पौरव कालेर सहित 19 नकल माफियाओं को भी एसओजी गिरफ्तार कर चुकी है।

## सुप्रीम कोर्ट की 8वीं महिला जज हिमा कोहली रिटायर

### फेयरवेल पर सीजेआई चंद्रचूड़ से बोलीं- सर, मेरी जगह किसी महिला जज को ही अपॉइंट करें



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** रिटायरमेंट के बाद मेरी जगह किसी महिला जज को ही अपॉइंट करें। ये बात सुप्रीम कोर्ट की 8वीं महिला जज जस्टिस हिमा कोहली ने सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ से कही। शुक्रवार (30 अगस्त) को उनकी फेयरवेल सेरेमनी थी। इस मौके पर बोलते हुए सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा- गूंजते रहते हैं अल्फाज मेरे कानों में, तू तो आराम से कह देता है अल्लाह-हाफिज। आगे उन्होंने कहा कि जस्टिस कोहली न सिर्फ एक महिला जज हैं, बल्कि महिलाओं के अधिकारों की प्रबल रक्षक रही हैं। सुप्रीम कोर्ट में तीन साल तक सेवा देने के बाद जस्टिस कोहली 1 सितंबर को रिटायर होने वाली है। जस्टिस कोहली 40 सालों तक कानून के पेशे में रहीं। उन्होंने 22 साल वकील और 18 साल बतौर जज काम किया। वो 31 अगस्त 2021 से सुप्रीम कोर्ट में जज के पद पर कार्यरत थीं।

**सीजेआई ने कहा- सीनियर एडवोकेट्स महिला वकीलों की भर्ती करें :** सीजेआई चंद्रचूड़ ने जस्टिस कोहली की तारीफ करते हुए कहा कि जस्टिस कोहली के साथ बैठना बेहद खुशी की बात है। हमने बहुत गंभीर विचारों पर बातचीत और चर्चा की है। कई बार ऐसा हुआ है जब उन्होंने मेरा समर्थन किया। आगे सीजेआई ने कहा- सीनियर एडवोकेट्स को अधिक महिला वकीलों को ट्रेनिंग देनी चाहिए और उनकी भर्ती करनी चाहिए। एक बार जब कानूनी पेशे में समान अवसर मिलेंगे, तो जस्टिस कोहली की तरह अधिक महिलाएं वकील बनेंगी।

**कपिल सिब्बल बोले- बड़े केस लड़ने के बाद भी महिलाओं को मौके नहीं मिल रहे :** जस्टिस हिमा कोहली के फेयरवेल सेरेमनी में सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन चीफ और सीनियर वकील कपिल सिब्बल ने अनुरोध किया कि महिलाओं को न्यायपालिकों में उचित स्थान देना चाहिए। उन्होंने सीजेआई से कहा कि लॉ फर्म्स में बड़े केस लड़ने के बाद भी महिला वकीलों को मौका नहीं मिल रहा है। ऐसी प्रतिभावान महिलाओं को हाई कोर्ट जज के तौर पर नियुक्त किया जाना चाहिए।

#### जस्टिस हिमा कोहली के महत्वपूर्ण फैसले

- पतंजलि भ्रामक विज्ञापन मामले में जस्टिस हिमा कोहली ने कहा था कि स्वास्थ्य का अधिकार मौलिक अधिकार है। लोगों को कंज्यूमर राइट्स के तहत प्रोडक्ट्स की क्वालिटी जानने का अधिकार है।
- सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस हिमा कोहली की अगुवाई वाली बेंच ने फैसला सुनाया था कि जो अंडरट्रायल अधिकतम सजा की अवधि का एक तिहाई जेल काट चुका है उसकी रिहाई सुनिश्चित कराई जाए।
- सुप्रीम कोर्ट ने अक्टूबर 2023 में समलैंगिक की शादी को मान्यता देने से इनकार कर दिया था।

## महिला सुरक्षा के लिए कठोर कानून मौजूद : पीएम मोदी

### जिला अदालतों की कॉन्फ्रेंस में कहा- फैसले जितनी जल्दी आएंगे, भरोसा उतना ज्यादा बढ़ेगा



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के भारत मंडपम में शनिवार को जिला अदालतों की नेशनल कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा- आज महिलाओं के खिलाफ अत्याचार, बच्चों की सुरक्षा समाज की गंभीर चिंता है। देश में महिलाओं की सुरक्षा के लिए कई कठोर कानून बने हैं। 2019 में सरकार ने फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट की स्थापना की थी। इसके तहत अहम गवाहों के लिए डिपोजिशन सेंटर्स का प्रावधान है। इसमें भी डिस्ट्रिक्ट मॉनिटरिंग कमेटी की भूमिका अहम है, जिसमें डिस्ट्रिक्ट जज, डीएम और एसपी शामिल होते हैं। इन कमेटी को और सक्रिय करने की जरूरत है। महिला अत्याचारों से जुड़े मामलों में जितनी तेजी से फैसले आएंगे, आधी आबादी को सुरक्षा का उतना ही अधिक आश्वासन मिलेगा। कॉन्फ्रेंस में सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल सिब्बल शामिल हुए। दरअसल, कोलकाता रेप-मर्डर केस के बाद पश्चिम बंगाल सरकार केंद्र से महिलाओं के खिलाफ अपराध को लेकर सख्त कानून बनाने की मांग कर रही है। इसे लेकर सीएम ममता ने 22 अगस्त और 30 अगस्त को पीएम को दो चिट्ठी भी लिखी थी।



#### लोगों ने हमारी न्यायपालिका पर कभी अविश्वास नहीं किया : मोदी

पीएम ने कहा, सुप्रीम कोर्ट के 75 साल, केवल एक संस्था की यात्रा नहीं है। ये यात्रा है- भारत के संविधान और संवैधानिक मूल्यों की। ये यात्रा है- एक लोकतंत्र के रूप में भारत के और परिपक्व होने की। भारत के लोगों ने सुप्रीम कोर्ट पर, हमारी न्यायपालिका पर कभी अविश्वास नहीं किया। इसलिए सुप्रीम कोर्ट के ये 75 साल मदर ऑफ डेमोक्रेसी के रूप में भारत के गौरव को और बढ़ाते हैं। आजादी के अमृतकाल में 140 करोड़ देशवासियों का एक ही सपना है- विकसित भारत, नया भारत। नया भारत, यानी - सोच और संकल्प से एक आधुनिक भारत। हमारी न्यायपालिका इस विजन का एक मजबूत स्तम्भ है।

#### मोदी के भाषण की अन्य अहम बातें...

न्याय में देरी को खत्म करने के लिए बीते एक दशक में कई स्तर पर काम हुए हैं। पिछले 10 सालों में देश ने ज्यूडिशियल इंफ्रास्ट्रक्चर पर लगभग 8 हजार करोड़ रुपए खर्च किए हैं। पिछले 25 साल में जितनी राशि ज्यूडिशियल इंफ्रास्ट्रक्चर पर खर्च की गई, उसका 75 प्रतिशत पिछले 10 सालों में ही हुआ है। पिछले 10 सालों में अदालतों के आधुनिकीकरण के लिए मिशन स्तर पर काम किया जा रहा है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट और न्यायपालिका की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। आज का कार्यक्रम भी इसका उदाहरण है। अगले दो दिनों में लंबित मामलों के प्रबंधन, मानव संसाधन और कानूनी बिरादरी की बेहतरी समेत कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी। इसमें न्यायिक कल्याण पर एक सत्र भी शामिल किया गया है।

#### सीजेआई की अध्यक्षता में दो दिनों तक चलेगी कॉन्फ्रेंस

जिला अदालतों की नेशनल कॉन्फ्रेंस दो दिनों तक चलेगी। सुप्रीम कोर्ट इसका आयोजन कर रहा है। इस कॉन्फ्रेंस में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की जिला अदालतों से 800 से ज्यादा प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। कॉन्फ्रेंस में 5 सत्र आयोजित किए जाएंगे। सम्मेलन के पहले दिन अदालतों के इंफ्रास्ट्रक्चर और मानव संसाधन को बढ़ाने के तरीकों की खोज पर चर्चा होगी। जजों की सुरक्षा और कल्याणकारी पहलुओं पर भी विचार-विमर्श होगा।

## शिवाजी प्रतिमा गिरने पर कांग्रेस का प्रदर्शन

### पीएम ने मूर्ति गिरने पर माफी मांगी थी; सिंधुदुर्ग में 26 अगस्त को गिरी थी मूर्ति

मुंबई (एजेंसी)

महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग में 26 अगस्त को छत्रपति शिवाजी महाराज की 35 फीट की प्रतिमा गिरी थी, जिसे लेकर महाराष्ट्र कांग्रेस ने मुंबई में शुक्रवार (30 अगस्त) को प्रदर्शन किया था। इसे लेकर आज यूथ कांग्रेस मुंबई के जुहू चौपाटी पर प्रदर्शन कर रहा है। शिवाजी की प्रतिमा का 8 महीने पहले पीएम मोदी ने उद्घाटन किया था।

पालघर में पीएम ने मूर्ति गिरने पर माफी मांगी थी। उन्होंने कहा-शिवाजी महाराज मेरे लिए सिर्फ एक नाम नहीं हैं। हमारे लिए वे पूजनीय हैं। उनसे सिर झुकाकर माफी मांगता हूं। मोदी से पहले महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे, डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार भी माफी मांग चुके हैं। हालांकि, भाजपा के माफी मांगने के बाद भी विपक्ष लगातार सरकार पर हमला कर रहा है। सिंधुदुर्ग पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई थी। इसमें ठाणे के मूर्तिकार जयदीप आप्टे का नाम भी शामिल था। पुलिस ने स्ट्रक्चरल कंसल्टेंट चेतन पाटिल को भी गिरफ्तार किया है। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है। महाराष्ट्र कला निदेशालय के डायरेक्टर राजीव मिश्रा का कहना है कि उन्होंने केवल 6 फीट की मूर्ति लगाने की परमिशन दी थी।

## आईआईटी-बीएचयू छात्रा से गैंगरेप के 2 आरोपी रिहा

### हाईकोर्ट से जमानत; घर पर माला पहनाकर हुआ स्वागत; पुलिस ने कहा था-तीनों पेशेवर अपराधी

बढ़ता राजस्थान

**वाराणसी ( एजेंसी )।** वाराणसी के आईआईटी-बीएचयू में बीटेक छात्रा से गैंगरेप के 2 आरोपी 7 महीने बाद रिहा हो गए। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आरोपी कुणाल पांडेय और आनंद उर्फ अभिषेक चौहान को सशर्त जमानत दी। तीसरे आरोपी सक्षम पटेल की जमानत कोर्ट ने स्वीकार नहीं की। 16 सितंबर को उसकी जमानत अर्जी पर सुनवाई होगी। कुणाल की 24 अगस्त जबकि आनंद की 29 अगस्त को रिहाई हुई। पड़ोसियों के मुताबिक, 29 अगस्त को आनंद नगवा कॉलोनी स्थित घर पहुंचा तो उसका



स्वागत किया गया। कुणाल और आनंद दोनों के घर अगल-बगल हैं। गैंगरेप के तीनों आरोपी भाजपा आईटी सेल से जुड़े थे। सरकार के मंत्री-विधायक समेत बड़े नेताओं के संपर्क में थे।




## राजस्थान यूनिवर्सिटी में पुलिस और छात्रों के बीच झड़प

### 6 प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने हिरासत में लिया, छात्र बोले- तानाशाही कर रही सरकार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** कांग्रेस विधायक रफीक खान के साथ हुई मारपीट के विरोध में शनिवार को राजस्थान यूनिवर्सिटी में छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस ने 6 से ज्यादा छात्रों को हिरासत में ले लिया गया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच मामूली झड़प हो गई।

दरअसल, रफीक खान के साथ सीआरपीएफ के पूर्व कमांडेंट विकाश जाखड़ ने मारपीट की थी। इसके खिलाफ शनिवार को राजस्थान यूनिवर्सिटी में एनएसयूआई से जुड़े छात्र नेताओं द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जा रहा था। लेकिन इस प्रदर्शन में काफी ऐसे छात्र भी पहुंच गए, जिनके पास राजस्थान यूनिवर्सिटी के आईडी कार्ड मौजूद नहीं थे। जिन छात्रों के पास आईडी कार्ड नहीं थे, उन्हें गांधीनगर थाना पुलिस ने पकड़ यूनिवर्सिटी से बाहर निकाल दिया। इस पर पुलिस और प्रदर्शन कर रहे छात्रों में बहस से शुरू हो गई।

कुछ ही देर में बहस मामूली झड़प में तब्दील हो गई। इसके बाद पुलिस ने छह छात्रों को हिरासत में ले लिया। हालांकि इस पूरे घटनाक्रम के बाद चुनिंदा छात्रों ने रफीक खान के खिलाफ हुए घटनाक्रम को लेकर यूनिवर्सिटी कैंपस में ही विरोध प्रदर्शन कर राजस्थान सरकार पर छात्रों की आवाज को दबाने के आरोप लगाए। एनएसयूआई के छात्र नेता आमिर खान शेखावाटी ने बताया- प्रदेश में आपातकाल जैसी स्थिति पैदा हो चुकी है।



#### पुलिस पर बदसलूकी का आरोप लगाया

प्रदर्शन शुरू होने से पहले ही हमें हिरासत में लेना शुरू कर दिया। जो पूरी तरह अलोकतांत्रिक है। जब हमने इस घटनाक्रम को लेकर विरोध करना चाहा था। तो पुलिस ने हमारे साथ बदसलूकी शुरू कर दी। लेकिन हम डरने वाले नहीं है। आखिरी सांस तक युवाओं की और जनता की आवाज उठाते रहेंगे। चाहे इसके लिए हमें अपनी जान ही क्यों ना देनी पड़े।

सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

# पुलिस अलंकरण समारोह : सीआईडी अपराध शाखा के 102 पुलिककर्मी होंगे डीजीपी डिस्क, सेवा पदक व सेवा चिन्ह से सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजस्थान पुलिस की सीआईडी अपराध शाखा के 102 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को सोमवार को पुलिस मुख्यालय के चतुर्थ तल पर आयोजित अलंकरण समारोह में डीजीपी डिस्क, अति उत्कृष्ट सेवा पदक, उत्कृष्ट सेवा पदक, सर्वोत्तम सेवा चिन्ह एवं अति उत्तम सेवा चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया जा रहा है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (अपराध शाखा) राजस्थान, जयपुर दिनेश एम एन इस अवसर पर उत्कृष्ट, सराहनीय एवं प्रशंसनीय सेवाएं प्रदान करने वाले 33 पुलिस अधिकारियों व कर्मियों को डीजीपी डिस्क, 14 पुलिसकर्मियों को अति उत्कृष्ट सेवा पदक, 19 पुलिस कर्मियों को उत्कृष्ट सेवा पदक, 14 पुलिस कर्मियों को सर्वोत्तम सेवा चिन्ह तथा 22 पुलिस कर्मियों को अति उत्तम सेवा चिन्ह प्रदान कर सम्मानित करेंगे।

**डीजीपी डिस्क से 33 सम्मानित होंगे :** डीजीपी डिस्क से सम्मानित होने वालों में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोरधन लाल सौंकरिया, सतीश कुमार यादव, शालिनी राज, भरत राज, पुलिस उप अधीक्षक प्रवेंद्र सिंह महला, ओमप्रकाश मीना, पुलिस निरीक्षक उमेश बेनीवाल, अन्तिम शर्मा, राम सिंह नाथावत, बृजभान सिंह (सेवानिवृत्त), उप निरीक्षक कदीर खान, सहायक उप निरीक्षक मुकेश राजावत व अमरचंद, हैड कांस्टेबल मोहम्मद यूनुस खान, बृजेश कुमार निगम, उस्मान अली, सुरेंद्र कुमार शर्मा व शंकर दयाल शर्मा, कांस्टेबल भूपेंद्र कुमार, महेंद्र कुमार, दिनेश कुमार, नेतराम सैनी, अशोक सिंह, अशोक कुमार वर्मा, रामचंद्र, गिरवर सिंह, मनोज कुमार, नरेंद्र कुमार सैनी, सुभाष चन्द गोरेड़ा, सूरजमल, शंकर लाल, मनीष कुमार एवं अमन कुमार शामिल है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोरधन लाल सौंकरिया व भरत राज, पुलिस उप अधीक्षक प्रवेंद्र सिंह महला, पुलिस निरीक्षक राम सिंह नाथावत, कांस्टेबल भूपेंद्र कुमार, रामचंद्र व गिरवर सिंह दूसरी बार डीजीपी डिस्क प्राप्त कर रहे हैं।

**14 को मिलेगा अति उत्कृष्ट सेवा पदक :** पुलिस निरीक्षक राम सिंह, उप निरीक्षक महेश कुमार टांक, जसवंत सिंह, राजेश कुमार शर्मा व बाबूलाल, हैड कांस्टेबल हरि सिंह कर्णावत, बृजेश कुमार निगम व गोपाल लाल, कांस्टेबल सूरजमल, वासुदेव गोस्वामी, सीताराम सामरिया, गोपाल बहादुर रांका, गिरधारी लाल व जुगल किशोर शर्मा को अति उत्कृष्ट सेवा पदक प्रदान किया जाएगा।

**19 पुलिसकर्मी उत्कृष्ट सेवा पदक प्राप्त करेंगे :** पुलिस निरीक्षक सुनील शर्मा व उम्मेद सिंह, उप निरीक्षक राम सिंह, सहायक उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह व बनवारी लाल शर्मा, हैड कांस्टेबल राजकुमार, सुशीला यादव व कृष्णा नायक, कांस्टेबल राकेश कुमार, स्वामी शरण, श्याम लाल, अमित कुमार भरतपाल यादव सत्यवीर दिलीप सिंह सुमन कुमारी व बीज राज, कांस्टेबल चालक रतनलाल मीणा, रमेश चन्द शर्मा व दिनेश चन्द शर्मा को उत्कृष्ट सेवा पदक प्रदान किया जाएगा।

**14 को सर्वोत्तम सेवा चिन्ह :** उप निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद, हैड कांस्टेबल खेम सिंह गौड़, ओमप्रकाश बैरवा, संजय कुमार, जय सिंह मीणा, ओम प्रकाश, पवन कुमार शर्मा, किशोर सिंह, पृथ्वी पाल सिंह व कालूराम मीणा, कांस्टेबल राजकुमारी, कुतुबुद्दीन, सलीम खान व हरलाल सर्वोत्तम सेवा चिन्ह से सम्मानित होंगे।

**22 पुलिस कार्मिक अति उत्तम सेवा चिन्ह प्राप्त करेंगे :** हैड कांस्टेबल दौलत सिंह, दिवाकर प्रसाद, सूरज कुमार, रामेश्वर सिंह व आत्माराम, कांस्टेबल कैलाश चन्द, कुशल चन्द, दातार सिंह, मेघ चन्द, सतवीर सिंह, जितेंद्र सिंह, जतन लाल, राजेश कुमार, सांवरमल, कैलाश चंद्र, कमलेश कुमारज़ प्रमोद कुमार, विशम्भर दयाल, अशोक कुमार व महेंद्र सिंह, कांस्टेबल चालक सज्जन सिंह व शिवपाल सिंह अति उत्तम सेवा चिन्ह प्राप्त करेंगे।

# राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर क्रीड़ा भारती ने आयोजित की चैतन्य भारत दौड़




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** भारत के महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती व राष्ट्रीय खेल दिवस के पावन अवसर पर क्रीड़ा भारती ने संपूर्ण भारतवर्ष में जिला मुख्यालयों पर दौड़ का आयोजन किया। इसी क्रम में राजस्थान में भी जोधपुर, जालौर, कोटा, उदयपुर, चित्तौड़, भीलवाड़ा, दौसा, बस्सी आदि जिलों में चैतन्य भारत दौड़ का आयोजन किया गया। यह दौड़ कार्यक्रम स्थल प्रियंका हॉस्पिटल से प्रारंभ होकर अरावली मार्ग, शिप्रा पथ, वीटी रोड, मध्यम मार्ग व पटेल मार्ग से शिप्रा पथ, अरावली मार्ग होते हुए पुन: प्रियंका हॉस्पिटल पहुंची। पूरे आयोजन में लगभग 1500 धावकों ने भाग लिया। प्रतिभागियों के आयु के अनुसार समूह बनाए गए थे, फिर उसी अनुसार उन्हें दौड़ने का लक्ष्य दिया गया। यह 11 से 14 वर्ष की आयु के बालक व बालिकाओं के लिए 2 किमी, 14 से 17 वर्ष की आयु के बालक व बालिकाओं के लिए 5 किमी तथा 17 वर्ष से ऊपर की आयु के महिला व पुरुषों के लिए 5 किमी था।

**विजेताओं को मिले नकद पुरस्कार :** प्रत्येक समूह में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को 5100, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 2100 तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 1100 नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। क्रीड़ा भारती जयपुर प्रांत के प्रांत मंत्री कैलाश चंद शर्मा द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तावना रखे जाने के बाद क्रीड़ा भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रसाद महानकर, क्षेत्रीय संयोजक मेघ सिंह चौहान, प्रांत अध्यक्ष डॉ.जी एल शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को संबोधित किया।

**क्रीड़ा भारती समाज को मोड़ेगा खेलों की ओर :** मुख्य अतिथि क्रीड़ा भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल सैनी ने उपस्थित धावकों, खिलाड़ियों, खेल-प्रेमियों एवं दर्शकों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए संगठन द्वारा खेलों के प्रति सकारात्मक जागरूकता लाने हेतु किए जा रहे इस प्रकार के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि संगठन ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से समाज को खेलों की ओर ले जाने में अवश्य ही सफलता प्राप्त करेगा। प्रांत कार्यकारिणी व महानगर के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# चेन स्नेचिंग की वारदात करने वाले दो बदमाशों को पकड़ा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम सीएसटी (क्राइम ब्रांच) ने शिप्रा पथ थाना इलाके में चैन स्नैचिंग की वारदात करने वाले अन्तर्राज्जीय चैन स्नैचर सोनू पासवान को गिरफ्तार किया है साथ ही एक बाल अपचारी को निरूद्ध किया गया है। गिरफ्तार आरोपित ने सात वारदात करना स्वीकार किया है। आरोपित से वारदात में प्रयुक्त पावर बाईक की बरामद की है। पुलिस आरोपित से पूछताछ करने में जुटी हुई है।

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने सीएसटी ने शिप्रा पथ थाना इलाके में चेन स्नैचिंग की वारदात करने वाले सोनू पासवान निवासी गुनियानगंज जिला गया( बिहार) हाल धाबास करणी विहार जयपुर को गिरफ्तार किया है। साथ ही एक बाल अपचारी को निरूद्ध किया गया है। गिरफ्तार आरोपित सोनू पासवान मूलत: ग्राम भागलपुर उसरी पुलिस थाना गुनियानगंज जिला गया बिहार का रहने वाला है एवं वर्तमान में धाबास करणी विहार जयपुर में किराये से निवास करता है। गिरफ्तार आरोपित ने पूछताछ में पुलिस आयुक्तालय जयपुर के विभिन्न थाना क्षेत्र शिप्रापथ, मानसरोवर, श्याम नगर, महेश नगर, ज्योति नगर एवं चित्रकूट में सात चैन स्नैचिंग की वारदात करना स्वीकार किया है। आरोपित ने पूछताछ में बताया कि वह जेल में रहने के दौरान राहुल साहू के सम्पर्क में आकर चैन की वारदात करना शुरू किया था। आरोपित सोनू पासवान के विरूद्ध पूर्व में स्नैचिंग एवं चोरी के 02 प्रकरण दर्ज है। गिरफ्तार आरोपित से पुलिस की पूछताछ जारी है जिससे और भी वारदातों का खुलासा होने की संभावना है।

## रक्तदान महा शिविर को आयोजन आज

# अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद करेगी सेवार्थ भाव से मानव रक्त की पूर्ति

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** राजधानी जयपुर के श्री पिंजरापोल गौशाला स्थित जैविक वन औषधीय पार्क में राजस्थान राज्य में मानव रक्त की भारी कमी के देखते हुए रविवार को रक्तदान महा शिविर का आयोजित किया जा रहा है। कार्यकर्म के मुख्य अतिथि राजस्थान के राज्यपाल हरिबाहू किशनराव बागड़े रहेंगे।

इस अवसर पर अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद के अंतरराष्ट्रीय संयोजक डॉ. अतुल गुप्ता ने बताया कि गोऋषि स्वामी प्रकाश दास महाराज के सानिध्य में आयोजित होने वाले इस महा शिविर से एक हजार से ज्यादा यूनिट रक्त एकत्रित किया जायेगा। जिससे जरूरतमंद व्यक्तियों को वक्त रहते मानव रक्त की पूर्ति हो सके व उनकी जिंदगी बचायी जा सके। हैनीमैन चेरिटेबल मिशन सोसायटी की सचिव डॉ मोनिका गुप्ता ने बताया कि पर्यावरण की बढ़ती अनियमितताओं के मद्देनजर सभी रक्तदाताओं को उनके रक्तदान के उपरांत चमेली, मोगरा, पीपल इत्यादि के पौधे दिए जाएंगे। इस के लिए उनके आव्हान पर विभिन्न टोलियों के माध्यम से शैक्षणिक संस्थाओं, छात्रावासों व समाज के विभिन्न वर्गों से सघन अभियान के द्वारा उक्त रक्त दान शिविर के बारे में जागरूकता फ़ैलाने व अधिकाधिक संख्या में उच्च गुणवत्ता के रक्तदान को सफल बनाने में सहयोग करेंगे। इस अवसर पर डॉ. अतुल गुप्ता ने बताया कि इस रक्तदान महाशिवर में राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागड़े,गृह एवं गौपालन मंत्री जवाहर सिंह बेढम, हैदराबाद से स्वामी अनंतनारायण महाराज, विधायक,विभिन्न समाज के गणमान्य पदाधिकारी, गौभक्त व अन्य सेवदारियों की टीम उपस्थित रहेगी।

# श्री नहर के गणेश जी महाराज का परंपरागत दूर्वा मार्जन से शनि पुष्य पर हुआ पंचामृत अभिषेक

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** ब्रह्मपुरी माऊण्ट रोड़ पर स्थित अतिप्राचीन दाहिनीं सूँड़ दक्षिणमुखी श्री नहर के गणेशजी महाराज का शनि पुष्य पर परंपरागत दूर्वा मार्जन से पंचामृत अभिषेक किया गया ।

मंदिर युवाचार्य पंडित मानव शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर मंदिर महंत पंडित बाहुबली जय शर्मा के सान्निध्य में प्रात: 8 बजे से श्री गणपति अथर्वशीर्ष के पाठ किये गये तत्पश्चात प्रात: 9. 15 से गणपति का दूर्वा मार्जन से पंचामृत अभिषेक व पूजा अर्चना की गई वही दोपहर 2 से 4 के मध्य गणपति प्रभु को नवीन पौषाक धारण करवाकर वैदिक मंत्रों द्वारा 21 मोदकों भोग लगाकर ऋग्वेदोक्त गणपति मात्रिका का पाठ कर शयन करवाया गया। सायंकालीन महाआरती 251 दीपकों से की गई । मंदिर में आने वाले भक्तजनों को अभिमंत्रित सुख - समृद्धि कारक रक्षासूत्र वितरित किए गये ।

# पांच हजार रुपए का इनामी आरोपित गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) करधनी थाने इलाके में कार्रवाई करते हुए इनामी आरोपित जितेन्द्र सिंह शेखावत उर्फ विष्णु गुढा को दस्तयाब कर करधनी पुलिस को सुपुर्द किया है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से एक मोटरसाईकिल एवं 98 हजार रुपये नकदी बरामद की है। गिरफ्तार आरोपित थाना मुरलीपुरा में हत्या के प्रयास के प्रकरण में अन्तर्गत धारा 299 सीआरपीसी में वांछित चल रहा है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि सीएसटी ने करधनी थाना कार्रवाई करते हुए पांच हजार रुपए के इनामी आरोपित जितेन्द्र सिंह शेखावत ऊर्फ विष्णु गुढा निवासी कनकपुरा करधनी को गिरफ्तार कया है।

# भावी निर्माण सोसाइटी एवम् रेणु किरण वेलफेयर फाउंडेशन की अनुकरणीय पहल

## दो अलग अलग स्थानों पर 3500पौधों का किया बीजारोपण



बढ़ता राजस्थान

### प्रधान मंत्री ने मन की बात कार्यक्रम सीड बाल विधि से बीजारोपण का किया था जिक्र

**चाकसू ( नि.स. )।** कस्तूरी देवी कॉलेज चाकसू में भावी निर्माण सोसायटी एवम रेणु किरण वेलफेयर फाउंडेशन के सयुंक्त तत्वावधान में जापानी सीड बॉल तकनीक का प्रयोग करते हुए बीजारोपण का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें लगभग 2000 बीजों को महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवम स्टाफ द्वारा महाविद्यालय के प्रांगण व आसपास के क्षेत्र में बीजारोपित किया गया। कॉलेज के निदेशक श्री राजेन्द्र प्रसाद शर्मा ने वृक्षारोपण का महत्व बताते हुए कहा कि हमें बीजारोपण व वृक्षारोपण के साथ साथ उनकी देखभाल का भी ध्यान रखना चाहिये ।

साथ ही भावी निर्माण सोसायटी के संस्थापक श्री गिरिराज प्रसाद शर्मा व सह संस्थापक श्रीमती रमा शर्मा ने भी बीजारोपण व वृक्षारोपण का महत्व बताया तथा इस कार्य में रेणु किरण वेलफेयर फांउडेशन द्वारा बीजारोपण के लिए बीज उपलब्ध करवाया गया। इसी के साथ उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर चाकसू प्रांगण में 1500 पौधों का बीजारोपण किया गया कार्यक्रम में कॉलेज के सह निदेशक सुमित शर्मा, प्राचार्य डॉ. सुरेश शर्मा, डॉ. प्रियका, डॉ. सरिता, अमित शर्मा, सहित कॉलेज के सभी कर्मचारियों तथा आदर्श विद्या मंदिर के संस्था प्रधान सुमेर सिंह,वरिष्ठ शिक्षक गणपत सिंह,बनवारी लाल के साथ समस्त स्टाफ की बीजारोपण कार्यक्रम में भागीदारी रही।

# आर्मी केंटीन में लगी आग, 6 दमकलों ने पाया आग पर काबू

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** वैशाली नगर में आर्मी कैंपस के रिकॉर्ड रुम-कैंटीन में शनिवार सुबह आग लग गई। आग की सूचना पर पुलिस और दमकल मौके पर पहुंची। पुलिस ने 6 दमकलों की मदद से दो घंटे में आग पर काबू पाया। आग लगने से लाखों रुपए का सामान व रिकॉर्ड जलकर खाक हो गया। पुलिस आग लगने का प्राथमिक कारण शॉर्ट सर्किट मान रही है। एएफओ सुरेश कुमार यादव ने बताया कि खातीपुरा स्थित आर्मी कैंपस के रिकॉर्ड रुम-कैंटीन में सुबह करीब 7.15 बजे आग लगी थी। आग की भीषण लपटें उठते देखकर वहां मौजूद कर्मचारियों ने अग्निशमन यंत्र से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। आग लगने की सूचना पर पुलिस और फायर बिग्रेड की 6 गाड़ियां मौके पर पहुंची। फायर बिग्रेड कर्मचारियों ने करीब 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से रिकॉर्ड रुम में रखा रिकॉर्ड जलकर खाक होने के साथ ही कैंटीन में रखा लाखों रुपए का सामान जल गया।

# अकाउंटेट ने होटल में लगाया फांसी का फंदा वाट्सअप स्टेट्स पर लगाया सुसाइड नोट और फोटो

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** बगरू थाना इलाके में एक अकाउंटेंट ने होटल में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सुसाइड से पहले उसने वाट्सअप स्टेट्स पर फोटो के साथ चार पेज का सुसाइड नोट भी लगाया है। सुसाइड नोट में लिखा है कि मैं अपनी जान दे रहा हूं। प्रभात से दुखी होकर मर रहा हूं। उसे उम्र कैद की सजा हो। वो कहता है कि मैं महापुरा का डॉन हूं, मैं किसी से नहीं डरता। पुलिस मेरे पैर पकड़ती है।

थानाधिकारी हरीश चंद्र सोलंकी ने बताया कि दहमी कला बगरू के रहने वाले सुनील कुमावत (30) ने सुसाइड किया है। वह बगरू रीको स्थित किस्टल पॉइंट में अकाउंटेंट था। युवक माता-पिता, भाई-भाभी और पत्नी-बच्चों के साथ रहता था। मृतक के पांच और तीन साल के बच्चे हैं। 26 अगस्त को वह सुबह नौकरी पर गया था। देर शाम तक घर नहीं लौटा। रात 9:30 बजे कॉल करने पर घरवालों को थोड़ी देर में आने के लिए कहा। घर जाने की बजाय वह छीतरोली स्थित रिद्धि-सिद्धि होटल पहुंच गया। होटल में किराए पर कमरा लेकर रात को रुका। देर रात होटल के कमरे में सुसाइड नोट लिखने के बाद फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया।

पुलिस ने बताया कि सुसाइड करने की रात को परिजनों ने उसे कई बार कॉल किया था। सुनील ने रिसीव नहीं किया। पहले की तरह बहन या दोस्त के घर जाने की सोचकर घरवाले सो गए। 27 अगस्त की सुबह 7 बजे उठकर वॉट्सऐप स्टेटस देखने पर भाई की फोटो के साथ चार पेज का सुसाइड नोट लगा मिला। इस पर अनहोनी की आशंका के चलते बगरू थाने पहुंचकर भाई के बारे में पुलिस को बताया। मोबाइल लोकेशन छीतरोली स्थित होटल की आने पर वहां पहुंचे। होटल के बाहर पार्किंग में सुनील की बाइक खड़ी मिली। होटल स्टाफ से पूछकर सुनील के बुक कमरे पर पहुंचे। कमरा अंदर से बंद होने पर पुलिस की मदद से धक्का देकर खोला। कमरे के अंदर सुनील का शव लटका मिला। पुलिस ने शव को उतारकर पोस्टमॉर्टम के लिए सीएचसी बगरू के मुर्दाघर में भिजवाया।

पुलिस ने बताया कि मृतक ने सुसाइड नोट में लिखा कि मेरा नाम सुनील कुमावत है। मैं दहमी बालाजी रीको रोड पर रहता हूं। मेरा जन्म 2 अप्रैल 1994 को हुआ था। मैं रीको में किस्टल पॉइंट में अकाउंटेंट हूं। मेरे घरवाले बहुत अच्छे हैं। पापा, भाई-बहन सब अच्छे हैं। वाइफ और बच्चे भी अच्छे हैं। मैं पहले केशव प्लाइवुड में काम करता था। वहां 3 साल अकाउंटेंट था। वहां पर 18-20 लड़के काम करते थे, उसमें से एक प्रभात नाम का लड़का भी था। वह महापुरा में रहता था। प्रभात जाट ने मेरे से 1.40 लाख रुपए ले रखे थे। मैं उससे पैसे मांगता तो वह मुझे बोलता की दूंगा, पैसे आने दे। वो देता नहीं था। उसको बोलते-बोलते 2 साल हो गए, लेकिन पैसे नहीं दिए। मैं अब पैसे मंगता हूं तो वो मेरे को मारने की धमकी देता था।

# स्काउट गाइड की गतिविधियों से बालकों का सर्वांगीण विकास होता है : मुकेश गोयल

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली( नि.स. )।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय जयपुर का तृतीय वार्षिक अधिवेशन सेंट टेरेसा स्कूल निवारू रोड स्थानीय संघ झोटवाड़ा में आयोजित किया गया।अधिवेशन में मुख्य अतिथि सांसद मंजू शर्मा ने शिरकत की । स्काउट गाइड गतिविधि को प्रत्येक विद्यालय में आवश्यक रूप से संचालित कर बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रेरित करने के प्रयासों को बढ़ावा देने की बात कही।जिला अधिवेशन की अध्यक्षता कर रहे जिला मुख्यालय के प्रधान मुकेश गोयल ने अधिवेशन में पधारे हुए समस्त परिषद सदस्यों को अधिकाधिक विद्यालयों में स्काउट गतिविधि को सक्रिय करने पर विशेष ध्यान देने की बात कही। कार्यक्रम में राज्य सचिव पीसी जैन व मंडल मुख्यालय के सहायक राज्य संगठन आयुक्त स्काउट दामोदर शर्मा व सहायक राज्य संगठन आयुक्त गाइड नीता शर्मा, सी ओ गाइड इंदु तंवर , जिला जयपुर के उप प्रधान गिरधारी भार्गव , अभय सिंह शेखावत राधे श्याम जाट व बसंती शर्मा द्वारा अधिवेशन में बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत की।नव नियुक्त जिला सचिव गिर्राज पारिक द्वारा जिला अधिवेशन में सत्र 2023 - 24 का वास्तविक आय व्यय ब्योरा एवं आगामी सत्र 2024-25 का प्रस्तावित बजट सदन के समक्ष अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया ।जिला जयपुर के सी ओ स्काउट शरद शर्मा व सी ओ गाइड ऋतु शर्मा द्वारा अधिवेशन का मंच संचालन किया गया एवं गत वर्ष स्थानीय संघ विराट नगर में आयोजित द्वितीय वार्षिक अधिवेशन के कार्यवृत को प्रस्तुत किया गया। सदन की सहमति से ऑडिटर की नियुक्ति व अन्य प्रस्ताव सभी के समक्ष रखे गए। वही कार्यक्रम में हिमालय वुडबैज पार्चमेंट सहितभामाशाहों का भी सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में अतिथियों का स्कार्फ़ पहनाकर , स्मृति चिन्ह देकर एवं अधिवेशन का किट प्रदान कर सम्मान किया।इस अवसर पर ए डी ओ भारती शर्मा, ष्टक्क्ष्ह्र झोटवाड़ा ग्रामीण बीना खत्री व सेंट टेरेसा स्कूल की प्रिंसिपल सिस्टर नीलिमा उपस्थित रहे।

# डी पी एस, उदयपुर की छात्र परिषद का गठन एवं पुरस्कार समारोह आयोजित




बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, उदयपुर ने आज मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के स्वामी दयानंद विवेकानंद सभागार में सत्र 2024-25 हेतु नवनिर्वाचित छात्र-परिषद का शपथ ग्रहण व पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया। समारोह के मुख्य अतिथि उदयपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक एसीबी राजेंद्र प्रसाद गोयल, विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त जिला न्यायाधीश मनीष वैष्णव, प्रवीण कुमार वर्मा, जितेंद्र गोयल,संभागीय परिवहन अधिकारी नेमीचंद पारीक, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र कुमार जैन, अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट दीपेंद्र सिंह राठौड, कृषि विभाग के सहायक निदेशक देवेंद्र प्रताप सिंह राठौड, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य ए.के.सचेती ने अपनी उपस्थिति से समारोह की शोभा बढ़ाई। विद्यालय के प्रो. वाइस चेयरमेन गोविंद अग्रवाल ने समस्त अतिथियों का अभिनंदन किया। प्रबंधन समिति की सदस्या श्रीमती अपूर्वा अग्रवाल ने अपने स्वागत उद्बोधन में मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथियों का परिचय दिया। कार्यक्रम का आरंभ दीप-प्रज्वलन व गणेश वंदना के साथ हुआ। समारोह में प्राथमिक, माध्यमिक तथा उच्च माध्यमिक स्तर पर विभिन्न पदों पर मनोनीत छात्र परिषद के 128 विद्यार्थियों को बेज व सेश पहनाकर निष्ठापूर्वक कर्त्तव्यनिर्वहन की शपथ दिलवाई गई। इसमें विदुषी बया को स्कूल प्रेसिडेंट, अदिति कुमार को हेड गर्ल हेडबॉय के अतिरिक्त 125 विद्यार्थियों को शपथ दिलवाई गई। इस समारोह में विद्यार्थियों की अकादमिक एवं खेलों की उपलब्धियों के लिए उन्हें प्रशस्ति पत्र तथा 35 लाख रुपए 'की छात्रवृत्ति देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य संजय नरवरिया ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि डीपीएस अपने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु सतत् प्रयत्नशील है एवं पिछले 5 वर्षो में स्कूल को 10 राष्ट्रीय स्तर के पुरूस्कार प्राप्त हो चुके है। प्रो वाइस चेयरमेन के कुशल मार्गदर्शन में छात्रों को सर्वोत्तम अत्याधुनिक सुविधाएँ तथा सुअवसर उपलब्ध करवाए जाते हैं। समारोह के अंत में स्कूल प्रेसिडेंट विदुषी बया ने समस्त अतिथियों व आगंतुकों को आभार व्यक्त किया।

# पशु संरक्षण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी पशुधन गणना :सहारण

## विधायक ने 21 वीं अखिल भारतीय पशुधन गणना -2024 के लिए पर्यवेक्षकों व प्रगणकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में की शिरकत

बढ़ता राजस्थान

**चूरू(सुरेश शर्मा)।** जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी के निर्देशन में जिला परिषद सभागार में 21 वीं अखिल भारतीय पशुधन गणना -2024 हेतु आयोजित दो दिवसीय पर्यवेक्षक व प्रगणक प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन शनिवार को हुआ।

शनिवार को आयोजित प्रशिक्षण में शिरकत करते हुए चूरू विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि पशुधन गणना पशु संवर्धन व लुप्त होती प्रजातियों के संरक्षण में मील का पत्थर साबित होगी। पशुओं की गणना पशुपालकों को प्रोत्साहित करेगी और उनकी सुदृढ़ आजीविका में संबल प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि गणना और सर्वे सरकारों को योजनाएं बनाने में मदद करती हैं।



उन्होंने पर्यवेक्षकों व प्रगणकों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान की आधुनिक जीवनशैली के चलते पशुधन संरक्षण अत्यधिक आवश्यक हो गया है। भारत की 70 प्रतिशत से अधिक आबादी गांवों में निवास करती है। हमें अपनी व पंरपरागत जीवन शैली को भावी पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए पशुधन संरक्षण पर ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पहली बार ऑनलाइन पशुधन गणना की जा रही है। इसलिए पोर्टल पर फीड किए जाने वाले डाटा सही व पुष्ट हों। किसान वर्ग की आजीविका का सबसे महत्वपूर्ण व आधार बिन्दु पशुपालन है। इस दौरान पशुपालन संयुक्त निदेशक डॉ ओमप्रकाश ने अतिथियों का स्वागत किया तथा पशुधन गणना के जरूरी बिन्दुओं की ओर ध्यान आकर्षित किया।

डॉ निरंजन चिरानिया जिला नोडल अधिकारी ने पशुगणना के महत्व व कार्ययोजना के बारे में बताया.डॉ चिरानिया ने बताया कि 21 वीं अखिल भारतीय पशुधन गणना -2024 सितंबर 2024 से प्रारंभ होकर दिसंबर, 2024 तक पूरा की जाएगी। यह पशुधन गणना 100 वीं पशुगणना है तथा पूरी तरह से ऑनलाइन है।

डॉ चिरानिया व डॉ विश्वजीत सिंह, एवं डॉ नीतू ढाका ने पशुधन गणना -2024 हेतु पर्यवेक्षकों व प्रगणकों को पशुधन गणना हेतु आईडी जनरेशन, हाउसहोल्ड व स्ट्रे पशुधन गणना की प्रक्रिया, पोर्टल पर डाटा फीडिंग सहित आवश्यक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया।

उल्लेखनीय है कि जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने शुक्रवार को प्रशिक्षण के शुभारंभ सत्र में शिरकत कर पशुधन गणना के पर्यवेक्षकों व गणकों को सक्रियता व स्पष्टता से पशुधन गणना के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान डॉ सीपी सिंह, एपीआरओ मनीष कुमार सहित पर्यवेक्षक व प्रगणक उपस्थित रहे।

# खरवा में विवाद मोटरसाईकिल का हुआ, पुलिस ने मामला छेड़छाड़ का दर्ज किया

## पीड़ित ने जिला पुलिस अधीक्षक से चोकी इन्चार्ज पर घूस लेने का लगाया आरोप

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, (विष्णुदत्त धीमान)।** सदर थाना अन्तर्गत ग्राम खरवा में एक मोटरसाईकिल के टक्कर मारने के विवाद ने एक विशाल रूप ले लिया और मामला महिला की छेड़छाड़ का बन गया। इस मामले में सदर थाने के खरवा चैकी इन्चार्ज की भूमिका भी संदिग्ध नजर आ रही हैं।

गत 20 अगस्त को सलीम उर्फ राजू पुत्र छोटू की मोटरसाईकिल को सलीम उर्फ कान्हा पुत्र गुलाब ने टक्कर मार दी थी और मामला वहीं कहासुनी होकर निपट गया था। दूसरे दिन मोटरसाईकिल को टक्कर मारने वाले सलीम उर्फ कान्हा पुत्र गुलाब ने अपनी बीमार भाभी माया को चैके पर लाकर सलीम उर्फ राजू पुत्र छोटू के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज कराते हुये चोकी इन्चार्ज तेजमल को एक रिपोर्ट दी। जिस पर चोकी इन्चार्ज ने मामले को यहीं निपटाने



की बात कहते हुये सलीम उर्फ राजू पुत्र छोटू से 1 लाख रूपये की डिमांड की और मामला वहीं अटक गया।

खरवा चोकी इन्चार्ज तेजमल ए एस आई बार-बार सलीम उर्फ राजू को प्रताड़ित करता रहा और उससे पैसे मंगाने की मांग करता रहा। अन्तोगत्वा कुछ दिनों पहले बेची गई भैस के 30-40 हजार रूपये घर में पड़े थे उनमें से 30 हजार रूपये देकर अपना पीछा छुडाने का प्रयास किया। तेजमल ने यह पैसा भी बजाय किसी के सामने लेने के सलीम उर्फ राजू की पत्नी रजिया से चोकी के पेशाबघर के पास जाकर लिया। मामला यही ठण्डा नहीं हुआ तेजमल ने अपनी चालाकी व चतुराई दिखाते हुये सलीम उर्फ राजू को जीप मे बैठाकर थाने ले गये, जहां उसका शान्तिभंग के आरोप मे मामला दर्ज किया और उसे उपखण्ड अधिकारी के समक्ष पेश किया जहां उसे बरी कर दिया। इस बीच तेजमल जब सलीम उर्फ राजू को खरवा से पुलिस थाने तक जीप मे लाया तो उससे शेष रकम भी मांगी और चेतावनी देकर कहा कि शीघ्र जमा करा देना अन्यथा बुरे परिणाम भुगतने होंगे। पीडित युवक सलीम उर्फ राजू पुत्र छोटू ने रिहा होने के साथ ही जिला पुलिस अधीक्षक को अपनी पत्नी के साथ जाकर एक रिपोर्ट पेश की जिसमें स्पष्ट रूप से चोकी इन्चार्ज पर 30 हजार रूपये की घूस लेने और शेष रकम मांगने की बात दोहराई हैं। जिला पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र सिंह चाोधरी ने परिवाद लेने के बाद उनको जांच कराने की बात को लेकर आश्वस्त किया हैं।

# डूंगला में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन

## रोजगार मेले में युवाओं को मिले नए अवसर, सपनों को पूरा करने का मिला मौका, सरकार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध - राज्यमंत्री दक

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़(नि.स.)।** डूंगला के कृषि मंडी परिसर में शनिवार को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। प्रदेश के सहकारिता और नागरिक उड्डयन राज्यमंत्री गौतम दक के सानिध्य में आयोजित इस रोजगार मेले में हजारों की संख्या में युवक युवतियों ने भाग लिया। इसके लिए लगभग पांच हजार आशार्थियो ने पूर्व में पंजीकरण कराया। साथ ही, बड़ी संख्या में ऑफलाइन आवेदन भी प्राप्त हुए। इस मेले के लिए अलग - अलग 45 से अधिक कंपनियों के काउंटर लगाए गए जहां कंपनियों के प्रतिनिधियों ने आवेदकों के दस्तावेजों का सत्यापन किया एवं इंटरव्यू लिए। रोजगार मेले में लगभग 1300 युवाओं को रोजगार के प्रारंभिक अवसर प्रदान किए गए। इस दौरान राज्यमंत्री श्री गौतम दक ने स्वयं मौके पर मौजूद रहकर मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर राजस्थान सरकार के सहकारिता और नागरिक उड्डयन मंत्री गौतम दक ने कहा कि आज का दिन हमारे युवा साथियों के लिए एक नए अध्याय की शुरुआत का दिन है। रोजगार मेले के माध्यम से, हमारा उद्देश्य युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना और उन्हें अपने सपनों को पूरा करने में सहयोग करना है। मैं राज्य सरकार और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को धन्यवाद देना चाहता हूँ, जिन्होंने युवाओं के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए इतनी बड़ी पहल की है। दक ने रोजगार मेले की सफलता के लिए आयोजन से जुड़े सभी अधिकारियों,संगठनों और कंपनियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि बड़ीसादड़ी विधानसभा क्षेत्र में पहली बार हुए इस रोजगार मेले में मल्टी नेशनल और नेशनल कंपनियों के आने से युवाओं में उत्साह की लहर देखने को मिली और उन्होंने इस पहल को समर्थन दिया है। उन्होंने युवाओं से अनुरोध किया कि वे इस अवसर का पूरा लाभ उठाएं और अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रयास करें।

इस रोजगार मेले के दौरान उपखंड अधिकारी ईश्वरलाल खटीक, तहसीलदार हिम्मत सिंह राव, नायब तहसीलदार मदनलाल, उपप्रधान रणजीत सिंह, नरेंद्र सिंह, चंद्र शेखर शर्मा, पुरण मल अहीर, पूर्व प्रधान गणपत सिंह, राधेश्याम शर्मा सहित सरपंच, जनप्रतिनिधि, अधिकारी मौजूद थे। रोजगार मेले के आयोजन में विगत तीन दिनों से बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक और विभिन्न संगठनों से जुड़े पदाधिकारी सम्मिलित रहे।

# उदयपुर के दो निशानेबाजों ने नेशनल शूटिंग प्रतियोगिता के लिये किया क्वालिफाई

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** गोवा के यश हब शूटिंग रेंज में आयोजित 832 इंडिया ओपन शूटिंग चौंपियनशिप में माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल उदयपुर के नन्हें निशानेबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 मीटर एयर राइफल में नेशनल प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया।

माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल उदयपुर के निदेशक अरुण मंडोत ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन 18 से 27 अगस्त तक हुआ जिसमें स्कूल के दो नन्हे छात्रों कपीश तोमर एवं दिग्विजय सिंह गौर ने 10 मीटर एयर राइफल में नेशनल के लिए



क्वालीफाई कर लिया। यह स्कूल एवं नन्हे शूटर के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि हैं दोनों ही बालकों की आयु मात्र 12 वर्ष है माउंट



लिट्रा ज़ी स्कूल उदयपुर की शूटिंग कोच सुश्री नाज़िया ने बताया कि दोनों ही बच्चों की यह उपलब्धि हमारे लिए बहुत ही गर्व का विषय है एवं संस्था परिवार की ओर से बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# उदयपुर के कलाकारों से सुसज्जित फिल्म द मिडिल फिंगर उदयपुर में हुई लॉन्च

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** उदयपुर के कलाकारों को लेकर साकार प्रोडक्शन द्वारा बनायी गई फिल्म इ मीडिल फिंगर को थर्ड स्पेस में खचाखच भरे हॉल में लॉन्च किया गया। इस फिल्म को ठीक उसी प्रकार लॉन्च किया गया जिस प्रकार से बॉलीवुड फिल्म को पीवीआर और आइनॉक्स जैसे थिएटर में रिलीज़ होती है ठीक उसी प्रकार से बड़ी-बड़ी मूवीज रिलीज होती है। साकार प्रोडक्शन के आशीष हरकावत ने बताया कि साकार प्रोडक्शन एवं द रॉ फिल्मस की अपहरण को लेकर क्राइम थिलर बेस पर निर्मित द मिडिल फिंगर थर्ड स्पेस थिएटर में ग्रैंड प्रीमियर थर्ड स्पेस पर रखा गया। प्रीमियर के शुरू होने से पूर्व ही हॉल खचाखच भर गया था। जिन्हें देखकर कास्ट एवं क्रू सदस्य अभिभूत हो गए। हरकावत ने बताया कि यह फिल्म गौरव प्रभाकर माली द्वारा डायरेक्ट की गई है।

# यौन उत्पीड़न-बलात्कार जैसी घटनाए समाज में नैतिक मूल्यों का कर रही है पतन

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, (विष्णुदत्त धीमान)।** जमाअत ए इस्लामी हिंद की ओर से ''नैतिकता-स्वतंत्रता का आधार'' विषय पर 1 सितम्बर 2024 से शुरू किए जा रहे राष्ट्रव्यापी अभियान के अंतर्गत शनिवार को एक होटल में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए जमाअत ए इस्लामी हिंद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मौलाना वलीउल्लाह सईदी फलाही ने बताया कि आज हमारे समाज और देश में महिलाओं और बच्चियों के साथ यौन उत्पीडन, बलात्कार आदि की जो घटनाएं हो रही हैं उनका कारण समाज में नैतिक मूल्यों का तेजी से पतन होना है। इसके लिए देश के सभी धर्म समुदाय के लोगों को मिल जुलकर समाज में नैतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना के लिए काम करना होगा। उन्होंने कहा कि हमें एक दूसरे के धर्मों को समझना चाहिए और सभी धर्मों का आदर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी धर्मों में अधिकांश नैतिक




मूल्य समान है और हम सभी को उनका पूरी तरह से पालन करना चाहिए। उन्होंने बताया कि समाज में तेजी से पनप रही अनैतिकता को दूर करने के उद्देश्य से जमाअत ए इस्लामी हिंद पूरे देश में ''नैतिकता ही स्वतंत्रता का आधार'' विषय से 1 सितंबर से एक अभियान चलाने जा रही है जो 20 सितंबर तक चलेगी।

जिसमे जमाअत के कार्यकर्ता सभी धर्मो व संप्रदायों के परिवारों से व्यक्तिगत व सामूहिक मुलाकातों, स्कूल तथा कॉलेजों में लेक्चर्स, नुक्कड़ सभा, धर्म गुरुओं के साथ सेमिनार, वाद विवाद प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग, क्विज, लिटरेचर वितरण, समाज की प्रभावशाली महिलाओं के साथ प्रोग्राम, मैगजीन तथा समाचार पत्रों में आर्टिकल्स, मस्जिदों में जुमे के भाषण, फैमिली गेट टुगेदर, काउंसलिंग सैशन, कविता लेखन आदि के द्वारा समाज में नैतिक जागृति पैदा करने की भरपूर कोशिश की जाएगी। इस अभियान के अंतर्गत जमाअत ए इस्लामी ब्यावर की ओर से जमाअत के कार्यकर्ताओं के साथ अभियान का उद्घाटन कार्यक्रम इकरा पब्लिक स्कूल ब्यावर में आयोजित किया गया जिसमे बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

# शहीद लखू सिंह राठौड़ की पुण्यतिथि पर विद्यालय परिवार व ग्रामवासियों ने दी पुष्पांजलि

## वीर सैनिकों की शहादत की बदौलत ही सुरक्षित हमारी सीमाएं

बढ़ता राजस्थान

**चूरू (नि.स.)।** घांघू गांव में शनिवार को शहीद सैनिक हवलदार लखूसिंह राठौड़ की 35वीं पुण्यतिथि पर उनके स्मारक पर शहीद सैनिक हवलदार लखू सिंह राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय परिवार घांघू व ग्रामवासियों ने शहीद को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस दौरान शहीद स्मारक पर आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम में समाजसेवी परमेश्वर लाल दर्जी ने कहा कि हमें शहीदों और देश की सेना का सम्मान करना चाहिए। शहीदों की शहादत के बदौलत ही हमारे देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। प्रधानाचार्य जगदीश खेड़ीवाल ने



बताया कि शहीद सैनिक हवलदार लखू सिंह बालिका राउमावि से शहीद के सम्मान में विद्यालय की बालिकाओं ने शहीद लखू सिंह राठौड़ के स्मारक तक तिरंगा रैली निकाली। सामाजिक कार्यकर्ता बीरबल नोखवाल ने बताया कि शहीद हवलदार लखू सिंह राठौड़ भारतीय सेना की पैराशूट 10 रेजीमेंट के पैरा कमांडो हवलदार थे। 31 अगस्त 1989 को लिट्टे के उग्रवादियों ने पैदल शांति सेना के सैनिकों पर घात लगाकर हमला किया। इस दौरान शहीद लखू सिंह बहादुरी के साथ उग्रवादियों से भिड़े और वहां के लोगों सहित शांति सेना के कमांडिंग ऑफिसर व सैनिकों की सुरक्षा करते हुए सीने में गोलियां झेलते हुए देश सेवा में शहीद हो गए।

# पेंथर के हमले से हुई ग्रामीण की मौत पर मुआवजे की मांग पर बनी सहमति, प्रदर्शन समाप्त

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, (विष्णुदत्त धीमान)।** जिले के टाडगढ़ क्षेत्र के सेमला का तालाब में एक ग्रामीण रूप सिंह पर पैंथर द्वारा अटेक कर मौत के मुंह मे सुला दिया। इस बात को लेकर गुस्सायें ग्रामीणों ने मृतक के परिजन को आर्थिक सहायता देने की बात को लेकर ना तो शव का पोस्टमार्टम कराया और ना ही किसी तरह से अन्तिम संस्कार किया गया। इस मांग को लेकर मालातो की बेर व टाडगढ सरपंच ने मिलकर उच्चाधिकारियों से संपर्क कर मृतक परिजन के परिवार को मुआवजा दिलाने की माग करते रहे। इस पर शनिवार को प्रशासन व ग्रामीणों के बीच 7 लाख रूपये का आर्थिक सहयोग एकत्रित कर 1 सप्ताह में मृतक के परिवार को सौपने का निर्णय लिया हैं। सेमला का तालाब निवाासी रूप सिंह की पैंथर के हमले से हुई मौत पर शनिवार को पुन: वार्तालाप शुरू हुई। प्रशासनिक अधिकारियो और सरपंचो के बीच हुई वार्ता में 5 लाख रूपये वन विभाग द्वारा और 1 लाख रूपये मालातों की बेर से वहीं दूसरी ओर 1 लाख रूपये कोट किराना निवासी पूर्व सरपंच पेपी भाई उर्फ दिलीप सिंह की ओर से और मृतक को बचाने के प्रयास करने वाले नारायण लाल को तवेर सिंह की तरफ से 11 हजार और पेपी भाई उर्फ दिलीप सिंह की तरफ से 11 हजार रुपए की सहमति बनी। शेष राशिया जो राज्य सरकार से मिलने वाली है उसका 1 सप्ताह में निपटारा करने का उपखण्ड अधिकारी ने आश्वासन दिया हैं। उक्त समझौते के बाद ही मृतक रूप सिंह का पोस्टमार्टम किया गया और शव परिजनों को सौंपा गया।

# पैदल यात्रियों के साथ असामाजिक तत्वों द्वारा अभद्र व्यवहार करने के मामले ने पकड़ा तूल, सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने का प्रयास

## समाजिक संगठनों ने किया थाने का घेराव, डीजे को रोकने पर हुआ विवाद, एक आरोपी को किया दस्तयाब

बढ़ता राजस्थान

**सरदारशहर (नि.स.)।** शुक्रवार शाम को सब्जी मंडी रोड़ पर रामदेवरा पैदल जा रहे वाल्मीकि समाज के पैदल यात्रियों के साथ अभद्र व्यवहार करने की सूचना मिलने के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया। समाजिक संगठनों ने रघुनाथ मंदिर के आगे सड़क पर धरना देकर आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। जानकारी के अनुसार वाल्मीकि मोहल्ले से शुक्रवार शाम करीब पांच बजे वाल्मीकि समाज का पैदल यात्री संघ डीजे के साथ रवाना हुआ। सब्जी मंडी से पहले डीजे बजाने को लेकर कुछ असामाजिक तत्वों ने पैदल यात्रियों के साथ अभद्र व्यवहार



किया। जिसको लेकर लोगों में आक्रोश फैल गया। देखते ही देखते ख़बर आग तरह फ़ैल गई और रघुनाथ मंदिर के पास सामाजिक संगठनों की भीड़ जुट गई। लोगों ने आरोपियों को गिरफ़्तार करने की मांग की। मौके पर पहुंचे थानाधिकारी अरविंद भारद्वाज ने लोगों से समझाइश कर संघ को रवाना कर दिया। लेकिन धरने पर बैठे लोग आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग पर अड़े रहे। डीएसपी अनिल कुमार महेश्वरी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मौके पर पुलिस जाब्ता तैनात किया। इधर सामाजिक संगठनों ने सब्जी मंडी से मुख्य बाजार होते थाने के घेराव हेतु कूच कर दिया। समाचार लिखे जाने तक बड़ी संख्या में आक्रोशित लोग रात्रि 8 बजे तक थाने का घेराव कर नारेबाजी कर रहे थे। थानाधिकारी अरविंद कुमार भारद्वाज का कहना है कि घटना में शामिल एक आरोपी को दस्तयाब कर लिया गया है।

## सम्पादकीय

### अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में फंसे नासा के अंतरिक्ष यात्री- स्टारलाइनर मिशन की विफलता आगामी चुनौतियां और इसरो के लिए सबक

अंतरिक्ष यात्रियों सुनीता विलियम्स और बैरी विलमोर के फरवरी 2025 तक अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन) में फंसे रहने की खबर उन चुनौतियों को सामने लाती है जो मानवयुक्त अंतरिक्ष अभियानों में सामने आ सकती हैं। अंतरिक्ष यात्रियों का यह अनुभवी जोड़ा जून के आरंभ में बोइंग स्टारलाइनर पर सवार होकर आईएसएस पहुंचा था। यह मिशन आठ दिन का था। स्टारलाइन पहले ही दो लॉन्च कर चुका था लेकिन यह उसका पहला मानवयुक्त मिशन था। इसके थर्स्टर्स में समस्या के कारण आईएसएस के साथ इसके जुड़ाव में दिक्कत आई और हीलियम के लीक होने के कारण जोखिम और बढ़ गया। स्टारलाइनर को यात्रियों के बिना धरती पर लाना संभव है लेकिन इसे इंसानों को लाने की दृष्टि से असुरक्षित माना जा रहा है। नासा नहीं चाहता कि दो स्पेस शटल दुर्घटनाओं का इतिहास फिर से दोहराया जाए। अतीत में हुई ऐसी ही दुर्घटनाओं में कल्पना चावला सहित कई अंतरिक्ष यात्री जान गंवा चुके हैं। ऐसे में इस बार यात्रियों को अभी आईएसएस में ही रहना होगा और वे फरवरी 2025 में स्पेसएक्स के विमान से लौट सकेंगे। नासा ने जब आईएसएस पर वस्तुओं और मनुष्यों को ले जाने में सक्षम जीवन रक्षक कैप्सूल के साथ चल सकने वाले यानों के लिए निविदा जारी की तो उसने दूरदर्शिता का परिचय दिया। उसने दो डिजाइनों के लिए अनुबंध चुने। एक बोइंग से तो दूसरा स्पेसएक्स से। स्पेसएक्स ने जहां बार-बार इस्तेमाल किए जाने वाला डिजाइन तैयार किया वही बोइंग इसके लिए संघर्ष करती रही।

दशकों के तकनीक और वैमानिकी में गहरे अनुभव के बावजूद बोइंग की परियोजना की लागत स्पेसएक्स के करीब तीन गुना रही और इसमें अनुमान से बहुत अधिक समय और पैसा खर्च हुए। स्टारलाइन में अभी भी खामियां हैं। उसका थर्स्टर अभी भी कमजोर प्रदर्शन कर रहा है। यह आईएसएस के साथ जुड़ पाने में भी मुश्किलों से जूझता रहा है। अब वापसी की यात्रा के लिए स्पेस स्टेशन से अलग होने के लिए उसे सॉफ्टवेयर अपग्रेड की आवश्यकता है। बहरहाल, इसमें अतिरिक्त क्षमता मौजूद है और पृथ्वी पर वापस आने के लिए पर्याप्त गतिशीलता मौजूद है। हालांकि, गैस लीक के मामले गंभीर होते हैं क्योंकि ये अपने आप में जानलेवा साबित हो सकते हैं। अगर स्पेसएक्स का विकल्प नहीं होता तो आईएसएस पर सभी लोग फंसे रह जाते। एक भयंकर विस्फोट या अनियंत्रित ढंग से क्रैश हो जाने के बजाय उनके सामने खाने और ऑक्सीजन की कमी की स्थिति पैदा हो जाएगी। मानवयुक्त अभियानों में ऐसे जोखिम होते हैं और नासा के मानवयुक्त मिशन तथा ऐसे सोवियत कार्यक्रम दोनों को त्रासदियों का सामना करना पड़ा। यह अंतरिक्ष में लोगों को स्वस्थ रखने की चुनौतियों से एकदम अलग है। स्पेस फ्लाइट को तय अवधि तक गति की आवश्यकता होती है। इसके चलते शरीर पर गुरुत्वाकर्षण का भार सामान्य से 9-10 गुना तक अधिक रहता है। शून्य गुरुत्व वाली लंबी अवधि भी होती है जिसके कारण मांसपेशियों में समस्या पैदा हो सकती है या स्वास्थ्य संबंधी अन्य दिक्कतें हो सकती हैं। अंतरिक्ष में हवा नहीं है और वहां बहुत अधिक गर्मी और ठंड पड़ती है।

# भाजपा में हिंदुत्व की राह पर चलने की मुख्यमंत्रियों की होड़

**असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने पिछले दिनों ऐसे फैसले लिए हैं और ऐसे बयान दिए हैं कि योगी आदित्यनाथ भी फीके पड़ जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि दोनों मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हिंदुत्व से आगे निकलना चाहते हैं। यही नहीं योगी आदित्यनाथ भी इधर कुछ दिनों से लगातार उग्र हिंदुत्व की राह पर है। इस तरह पर तीन मुख्यमंत्रियों के बीच उग्र हिंदुत्व का झंडाबरदार बनने की होड़ लगी हुई है।**

अशोक भाटिया



2024 लोकसभा चुनावों के बाद भारतीय जनता पार्टी में बहुत कुछ बदला है। लोकसभा चुनावों में शिकस्त मिलने के बाद केंद्र में सरकार तो बन गई पर फैसले लेने में सरकार पहले जैसी कॉन्फिडेंट नहीं दिख रही है। यही कारण है कि लगातार कई मौकों पर सरकार को यू टर्न लेना पड़ा है।पार्टी के अंदर संघर्ष भी शुरू हो गया है। उत्तर प्रदेश में तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनके दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक ने मोर्चा खोल रखा है पर अभी शांति है। इस बीच पार्टी में मुख्यमंत्रियों के बीच उग्र हिंदुत्व का पोस्टर बॉय बनने की होड़ लगी हुई है। हिमंता बिस्वा सरमा के मुसलमानों के खिलाफ लगातार बयान, इसके साथ ही चाइल्ड मैरिज के नाम पर मुस्लिम शादियों में रुकावट डालने तथा जुम्मे की नमाज को लेकर जो फैसले हुए हैं, उसे साफ तौर पर पता चलता है कि हिमंता हिंदुत्व की राह पर तेजी से दौड़ रहे हैं। अब असम विधानसभा मुस्लिम विधायकों को शुक्रवार को नमाज अदा करने के लिए दिए जाने वाले दो घंटे के अवकाश को खत्म करेगी। हिमंत बिस्वा सरमा ने ट्वीट किया कि 2 घंटे की जुम्मा छुट्टी को खत्म करके, असम विधानसभा ने उत्पादकता को प्राथमिकता दी है और औपनिवेशिक बोझ के एक और अवशेष को हटा दिया है। उन्होंने आगे लिखा कि यह प्रथा 1937 में मुस्लिम लीग के सैयद सादुल्ला द्वारा शुरू की गई थी। इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए स्पीकर बिस्वजीत दैमारी और हमारे विधायकों को मेरा आभार। हिमंता बिस्वा सरमा ने बृहस्पतिवार को विपक्ष पर निशाना साधते हुए दावा किया कि उनमें ''मूलत- राज्य के निवासी हिंदू विधायकों'' को विधानसभा में अपनी बात नहीं रखने देने की प्रवृत्ति विकसित हो गई है। असम भूमि एवं राजस्व विनियमन (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2024 पर चर्चा के दौरान, शर्मा ने अपनी पार्टी के विधायक भुवन पेगू के भाषण को बाधित करने के लिए भी विपक्षी सदस्यों की कड़ी आलोचना की। शर्मा ने पेगू का बचाव करते हुए कहा, मूलत- राज्य के निवासी हिंदू विधायकों को सदन में नहीं बोलने देने की एक नयी प्रवृत्ति उत्पन्न हो गई है। यह एक खतरनाक प्रवृत्ति है। कृपया इतने आक्रामक न हों। हमारी जमीन के बाद अब विधानसभा पर कब्जा करने की कोशिश न करें। पेगू तत्कालीन पूर्वी बंगाल से असम में लोगों के कथित प्रवासन और आक्रामकता के बारे में पुराने विधानसभा रिकॉर्ड का उल्लेख करते हुए एक बयान दे रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा, आप हिंदू-मुस्लिम मुद्दों पर बात करना बंद नहीं कर सकते। ये जीवन की कठोर वास्तविकताएं हैं। हाल ही में राज्य विधानसभा में बोलते हुए, असम के मुख्यमंत्री ने कहा कि - मैं असम को मियां लोगों की भूमि नहीं बनने दूंगा।

हिमंता के लिए हिंदुत्व का पोस्टर बॉय बनने की धुन आज की नहीं है। भारतीय जनता पार्टी जॉइन करने के बाद से ही उन्होंने हार्डकोर हिंदुत्व की राह पकड़ ली थी। मुस्लिम आबादी को लेकर लगातार बयान,चाइल्ड मैरेज के नाम पर मुस्लिम शादियों में रुकावट डालने की कोशिश या सीएए और एनआरसी की बात रही हो, कांग्रेस से भाजपा में आए हिमंता मुस्लिम समुदाय के खिलाफ इस तरह से आग उगलते हैं जिसका मुकाबला जन्मजात भाजपाई भी नहीं कर सकते। अभी पिछले हफ्ते की ही बात है हिमंता ने निजी स्वामित्व वाले विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेघालय (यूएसटीएम) से पढ़ाई करने वाले छात्रों को असम सरकार की नौकरियों में रोक लगाने की बात कही। एनआईआरएफ के तहत शीर्ष 200 विश्वविद्यालयों में से एक है। यह संस्थान असम के एक बंगाली-मुस्लिम महबुबुल हक के स्वामित्व वाले फाउंडेशन द्वारा संचालित है, जो संस्थान के चांसलर भी हैं। हिमंता का मानना है कि इस विश्वविद्यालय परिसर के निर्माण के लिए वनों और पहाड़ियों की कटाई का ही नतीजा है कि गुवाहाटी को अचानक बाढ़ का सामना करना पड़ा। सरमा का कहना है ये सब असम के खिलाफ बाढ़ जिहाद के कारण हुआ है। सरमा ने इससे पहले बंगाली-मुस्लिम किसानों पर उर्वरक जिहाद का भी आरोप लगाया था। कहा था कि सब्जियां उगाने में उर्वरक के अनियंत्रित उपयोग के कारण लोगों में बीमारियां फैल रही हैं।

उन्होंने राज्य में मुसलमानों पर भूमि जिहाद का आरोप लगाते हुए उन्हें जमीन की बिक्री पर अंकुश लगाने के फैसले की भी घोषणा की और कहा है कि सरकार लव जिहाद के लिए आजीवन कारावास की सजा वाला एक कानून लाएगी।यही सब कारण है कि असम में उनकी लोकप्रियता में लगातार इजाफा हो रहा है। योगी आदित्यनाथ हिंदुत्व के फायरब्रांड लीडर रहे हैं। पर मुख्यमंत्री बनने के बाद उनके तेवरों में थोड़ी नरमी आ गई थी। पर पिछले महीने से ही अचानक उन्होंने अपना पुराना चोला फिर से ओढ लिया है।वो फिर से उग्र हिंदुत्व की अपनी जानी पहचानी शैली में वापस आ गए हैं।हाल ही में बांग्लादेश स्थिति को लेकर उन्होंने जब-जब मुंह खोला, आग ही उगला है। अभी 2 दिन पहले ही आगरा में उन्होंने हिंदुओं से सावधान रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि अगर बंटेंगे तो कटेंगे।बांग्लादेश वाली गलतियां यहां नहीं होनी चाहिए। एक रहेंगे तो नेक रहेंगे और सुरक्षित रहेंगे। योगी के कट्टर हिंदुत्व का यह रूप पिछले महीने से ही दिखने लगा था।जुलाई महीने के अंत में, राज्य सरकार ने धर्मांतरण विरोधी कानून में संशोधन के लिए एक विधेयक पेश किया, जिससे उत्तर प्रदेश गैरकानूनी धर्म परिवर्तन निषेध अधिनियम, 2021 को और अधिक सख्त बना दिया गया। यूपी विधानसभा ने 30 जुलाई को संशोधन विधेयक पारित किया, जिसमें लव जिहाद को खत्म करने के अपने इरादे को फिर से रेखांकित किया गया।कांवड़ यात्रा मार्ग पर सड़क किनारे विक्रेताओं और दुकानदारों को अपने प्रतिष्ठानों के बाहर अपना नाम लिखने के आदेश पर पूरे देश में उनके समर्थन और विरोध हुआ है।अयोध्या रेप केस में आरोपी के मुसलमान होने पर काफी हिंदू-मुसलमान यूपी में हुआ है। योगी ने इस मामले को खुद संज्ञान लेते हुए आरोपी का घर और प्रतिष्ठानों पर बुलडोजर कार्रवाई का एक्शन लिया।राजनीतिक विश्लेषक सौरभ दुबे कहते हैं कि योगी आदित्यनाथ की सफलता को देखते हुए अन्य मुख्यमंत्री जब उनकी राह के राही बनने की कोशिश कर रहे हैं तो योगी भला क्यों पीछे हटे। योगी आदित्यनाथ को भी हिंदू हृदय सम्राट की पदवी बरकरार रखनी है इसलिए उन्हें भी अपने पुराने रूप में आना ही फायदेमंद दिख रहा है। बात करें मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव की तो जन्माष्टमी के दिन एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा था कि भारत में जो रहना चाहते हैं, उन्हें हिंदू, भगवान राम और कृष्ण की जय कहना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि इस देश के नागरिक अपने-अपने धर्मों के पालन के लिए स्वतंत्र हैं लेकिन वह देशभक्त रहें। इसके साथ यह भी कह गए कि खाता कहीं और का बजाता कहीं और का यह नहीं चलेगा।हालांकि मोहन यादव ने यह भी कहा कि देश हिंदू और मुसलमानों के बीच अंतर नहीं करता है, लेकिन उसे ऐसे लोगों की जरूरत है जो ईश्वर, उसकी रचना, ब्रह्मांड को समझें। उन्होंने कहा कि रहीम और रसखान का जन्म यहीं हुआ था। बीते दिनों छतरपुर में पुलिस पर पत्थरबाजी के आरोपियों के करोड़ों के घर सरकार ने तोड़ दिए। इस घर में रखी करोड़ों की गाड़ियों को भी बुलडोज कर दिया गया। पत्थरबाजी का आरोपी चूंकि मुसलमान था इसलिए कुछ लोगों को इस कार्रवाई में धार्मिक एंगल भी दिखा। सिर्फ छतरपुर ही नहीं, इंदौर में भी एक अतिक्रमणकारी ने प्रशासन पर गोली चलवाई थी, उसकी कोठी को भी प्रशासन ने ध्वस्त कर दिया।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
स्वजनों एवं परिजनों के साथ विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा खर्च अधिक होगा और ज्यादा परिश्रम के बाद ही सफलता मिलेगी। दुर्घटना हो सकती है, सावधान रहें। आज आपका दिन बहुत लाभदायी है।

### वृष
बाहर जाना हो सकता है। माता के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। सरकारी लाभ होगा एवं स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आज आप का दिन मध्यम फलदायी रहेगा। पहले से निर्धारित काम के लिए आपका प्रयास ज्यादा रहेगा।

### मिथुन
मित्र एवं प्रियजन आपके प्रवास को आनंद से भर देंगे। नए वस्त्रों की खरीदी के योग हैं। तन-मन की तंदुरस्ती अच्छी रहेगी। अच्छे भोजन एवं वैवाहिक सुख की अनुभूति होगी। आज आप के घर में सुख शांति और आनंद का माहौल रहेगा।

### कर्क
नौकरी में आपके अधिकारी खुश रहेंगे। आपकी पदोन्नति के योग हैं। अधिकारियों के साथ किसी महत्वपूर्ण बात पर चर्चा होगा। परिजनों के साथ खुले मन से बातचीत होगी। घर के डेकोरेशन पर कुछ खर्च हो सकता है। आपका व्यवहार न्यायपूर्ण रहेगा।

### सिंह
हेल्थ का ध्यान रखने और खासकर बाहर के खाने-पीने से परहेज करने की सलाह आपको दी जाती है। आज आपमें क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी, इसलिए वाणी में गुस्सा ना रखें। परिजनों से उग्र चर्चा के कारण मनमुटाव न हो।

### कन्या
अविवाहितों को योग्य जीवनसाथी मिलने के योग हैं। धन प्राप्ति के अवसर मिलेंगे। मित्रों से अचानक हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी। मित्रों से लाभ होगा। आज आपको अच्छा खाना नसीब होगा। मित्रों से लाभ होगा। महिलाओं के मायके से समाचार आने के योग हैं।

### तुला
संतान पक्ष से अच्छे समाचार मिलेंगे। नौकरीपेशा लोगों से आपको लाभ होगा। आय में वृद्धि होगी। वैवाहिक सुख की अनुभूति होगी। आज का दिन आपके लिए अनुकूल है। आप आज हर काम सरलता से पूरे कर पाएंगे।

### वृश्चिक
आज धन का व्यय अधिक होगा। आज नियम विरुद्ध कामों से दूर रहें। आज आपका दिन आनंद-प्रमोद में गुजरेगा। रोमांस के लिए आज का दिन अच्छा है और किसी खास व्यक्ति का साथ आपको आनंद देगा।

### धनु
आपका शारीरिक एवं मानसिक आरोग्य अच्छा रहेगा। जरूरी कामों पर धन खर्च होगा। बीमार व्यक्तियों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी। दफ्तर में सहकर्मियों का अच्छा साथ मिलेगा। मित्रों से मुलाकात होगी।

### मकर
आप तन-मन से स्वस्थ होकर कई तरह के काम आसानी से पूरे कर पाएंगे। सफलता मिलने से आपके उत्साह में वृद्धि होगी। आज भाग्य आपका साथ देगा। इनकम बढ़ेगी। परिजनों के साथ आनंद एवं उल्लास से समय गुजरेगा।

### कुंभ
माता से लाभ होने के संकेत आपको मिल रहे हैं। मित्र और संबंधियों से घर का वातावरण अच्छा रहेगा। आज अचानक होने वाली घटनाओं से आप चिंतित रहेंगे। स्वास्थ्य खराब होने और आंखों में दर्द होने की आशंका बनी रहेगी।

### मीन
आज आपके धार्मिक एवं मांगलिक कामों में व्यस्त रहने की संभावना ज्यादा रहेगी। आप में आज क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी, इसलिए आप सावधान ही रहें। संतान एवं व्यापार की परेशानियों के कारण आपका मन अशांत रहेगा। धन लाभ होगा।

## शख्सियत



पी.एल.चौधरी
जिला कमान्डेंट, होमगार्ड

नमस्कार दोस्तों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं श्री पीएल चौधरी जो कि इस समय गृह रक्षा विभाग में उच्च अधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस समय जिला कमांडेंट झुंझुनू, जिला कमांडेंट अलवर व जिला कमांडेंट भिवाड़ी के पद को सुशोभित कर रहे हैं। तीन बड़े जिलों की कमान संभाल रहे हैं। 10 जुलाई सन 1981 को झुंझुनू के समीप गांव कालियासर में जन्मे प्यारेलाल चौधरी ग्रामीण परिवेश में पले बड़े हुए हैं। उनकी स्कूली शिक्षा सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ से हुई और बीएससी की डिग्री इन्होंने महाराजा कॉलेज जयपुर से ली। 2003 में लेफ्टिनेंट के पद पर आर्मी में चयन हुआ 6 साल आर्मी में देश की सेवा की और 2009 में आर्मी में मेजर बने। 2009 के लास्ट में आर्मी से स्वेछिक सेवानिवृत्ति ले ली। 2012 में आरपीएससी के द्वारा गृह रक्षा विभाग में ऑफिसर के पद पर चयन हुआ। बहुत बेहतरीन अधिकारी के रूप में इन्हें जाना जाता है। हमेशा अपने कर्तव्य पथ पर चलते हुए सेवा करना इनकी परवरिश का बखान करता है। अपने नीचे के अधिकारियो के लिए बहुत संवेदनशील भाव बनाए रखते हैं। पुलिस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सेवा देने वाले होमगार्ड कर्मियों के लिए यह वरदान साबित हुए हैं। उनकी समस्या और उनकी महती परेशानी को बखूबी समझकर उनके निस्तारण में एक बेहतरीन भूमिका निभाई है। युवाओं में अपने कर्तव्य के प्रति किस तरीके का जज्बा पैदा हो इसके लिए समय-समय पर व्याख्यान के रूप में होमगार्ड कर्मियों को प्रेरित करते रहते हैं। ट्रेनिंग के दौरान भी लगातार युवाओं को जागरुक करते रहते हैं। सरल और सहज अधिकारी के रूप में इन्हें जाना जाता है। तीन जिलों की कमान अकेले संभाल रहे हैं यही बात इनके व्यक्तित्व को बयां कर रही है। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

**जय हिंद**

## आज का इतिहास

### 1 सितंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- पीसा काउंसिल 1511 में खुला।
- अमेरिका के पूर्व उपराष्ट्रपति आरोन बर्र 1807 को राजद्रोह के मामले में निर्दोष पाये गये।
- एम्मा एम नट्ट अमेरिका में 1878 को पहली महिला टेलीफोन ऑपरेटर बनी।
- ग्रेट कैंटो भूकंप ने 1923 में जापान के टोक्यो और योकोहामा में भयंकर तबाही मचायी।
- जर्मनी का पोलैंड पर आक्रमण करने के साथ ही द्वितीय विश्व युद्ध की शुरुआत 1939 में हुई।
- भारतीय मानक समय को 1947 में अपनाया गया।
- भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की स्थापना 1956 में हुई।
- राज्यों के पुनर्गठन के बाद 1956 को त्रिपुरा केन्द्रशासित प्रदेश बना।
- महाराष्ट्र के कोल्हापुर में 1962 को शिवाजी विश्वविद्यालय की स्थापना।
- इंडियन ऑयल रिफाइनरी और इंडियन ऑयल कम्पनी को 1964 में विलय करके इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन बनाई गयी।
- मिस्र और लीबिया ने 1972 में फेडरेशन बनाया।
- उत्तरी आयरलैंड में आयरिन रिपब्लिकन आर्मी ने 1994 में युद्ध विराम लागू किया।
- साहित्यकार महाश्वेता देवी तथा पर्यावरणविद एम सी मेहता को 1997 में रेमन मैग्सेसे पुरस्कार प्रदान किया गया।
- विक्टर चेर्नोमीर्दिन पुन: रूस के नये प्रधानमंत्री 1998 को नियुक्त।
- चीन ने 2000 में तिब्बत होते हुए नेपाल जाने वाले अपने एकमात्र रास्ते को बंद किया।
- लीबिया और फ्रांस के बीच यूटीए विमान पर 1989 में हुई बमबारी में मारे गये लोगों के निकट सम्बन्धियों को मुआवजा देने को लेकर 2003 में समझौता हुआ।
- पाकिस्तान के एक मानवाधिकार विशेषज्ञ मेहर खान विलियम्स को 2004 में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग ने उप उच्चायुक्त नियुक्त किया।
- सद्दाम हुसैन ने 2005 में सशर्त रिहाई की अमेरिकी पेशकश ठुकराई।
- फिजी के अपदस्थ प्रधानमंत्री लाइसेनिया करासे 2007 को नौ महीने बाद राजधानी सुवा लौटे।
- तत्कालीन वित्त मंत्री पी. चिदम्बरम ने डी. सुब्बाराव की भारतीय रिजर्व बैंक के 22वें गर्वनर के रूप में नियुक्ति की घोषणा 2008 में की।
- यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया ने 2008 में अपना लोगो बदला।
- वायस एडमिरल निर्मल कुमार वर्मा को 2009 में भारतीय नौसेना का प्रमुख नियुक्त किया गया।
- सर्वोच्च न्यायालय में जसवंत सिंह की किताब पर गुजरात में प्रतिबंध लगाए जाने के मामले में राज्य सरकार को 2009 में नोटिस दिया।

### 1 सितंबर को जन्मे व्यक्ति

- भारतीय संगीतकार चेमबइ वैद्यनाथ भगवतार का जन्म 1895 को हुआ था।
- प्रसिद्ध गौड़ीय वैष्णव गुरु तथा धर्मप्रचारक भक्तिवेदान्त स्वामी प्रभुपाद का जन्म 1896 को हुआ था।
- जानेमाने भूगोलवेत्ता लक्ष्मी नारायण उपाध्याय का जन्म 1901 को हुआ था।
- भारतीय सिनेमा के खलनायक अभिनेता के. एन. सिंह का जन्म 1908 को हुआ था।
- प्रसिद्ध साहित्यकार फादर कामिल बुल्के का जन्म 1909 को हुआ था।
- भारतीय क्रिकेटर माधव मंत्री का जन्म 1921 को हुआ था।

## विशेष आलेख


### दुष्यन्त कुमार जयन्ती

# गज़लों के महासूर्य बन चमक रहे हैं दुष्यन्त

ललित गर्ग

दुष्यंत कुमार ऐसे ग़ज़लकार एवं फनकार हैं जो निराशा में आशा, अंधेरों में उजाले एवं मुर्दों में जान भर देते हैं। हिंदी कविता और हिन्दी गजल के क्षेत्र में जो लोकप्रियता उनको मिली, वैसी लोकप्रियता सदियों में किसी कवि एवं शायर को नसीब होती है। दुष्यंत एक कालजयी कवि हैं और ऐसे कवि समय काल में परिवर्तन हो जाने के बाद भी प्रासंगिक रहते हैं। उनके लिखे स्वर सड़क से संसद तक गूंजते रहे हैं। इस सृजनधर्मी बहुआयामी लेखक एवं कवि ने कविता, गीत, गजल, काव्य, नाटक, कथा आदि सभी विधाओं में लेखन किया लेकिन गज़लों के वे महासूर्य बन चमके। वे हिंदी गजल के लिए विख्यात है किंतु उन्हें यह ख्याति हिंदी गजलों के लिए नहीं, हिंदुस्तानी गजलों के लिए मिली। वे क्रांतिकारी विचारों वाले शायर हैं, उनकी शायरी को सामाजिक धारणाओं, आदर्श-व्यवस्थाओं एवं मजबूत राष्ट्रीय सोच का सूत्रपात कहा जा सकता है। जो सोयी शक्तियों को जगाता है, जो समय के साथ चलने की समाज एवं व्यक्ति को सूझ देता है। उन्होंने राष्ट्रीय-भावना, कुछ अनूठा करने के जज्बे को जीवंतता देते हुए समाज में क्रांति घटित करने का प्रयत्न किया। जब भी बात ग़ज़लों की होती है तो उर्दू जुबान ही याद आती है लेकिन दुष्यंत कुमार एक ऐसा चमकता-दमकता नाम हैं जिन्होंने हिन्दी में ग़ज़लें लिखीं और उन्हें मुकाम तक भी पहुंचाया, उनकी ग़ज़लों में आम जनमानस का दर्द नज़र आता है। शायद दुष्यंत कुमार अकेले ऐसे शायर हैं, जिनके शेर सबसे ज्यादा बार सार्वजनिक मंचों ही नहीं, संसद में पढ़े गए हैं। सभाओं में नेताओं से लेकर वक्ताओं ने उनके शेर सुनाकर व्यवस्था पर चोट की हैं एवं सरकार को जगाने और जनचेतना का कार्य किया है। सिर्फ हंगामा खड़ा करना मेरा मकसद नहीं मेरी कोशिश है कि ये सूरत बदलनी चाहिए। मेरे सीने में नहीं तो तेरे सीने में ही हो कहीं भी आग, लेकिन आग जलनी चाहिए। हममें से कितने ही लोग अपनी ज़िंदगी में इन कालजयी पंक्तियां का इस्तेमाल करते रहे हैं। उनके कई शेर हैं जो व्यक्ति में ही नहीं बल्कि पूरे समाज में क्रांति की अलख जगा देने की ताकत रखते हैं। उनकी कई रचनाओं को स्कूल के साथ ही बी.ए. और एम.ए. के पाठ्यक्रम में विभिन्न विश्वविद्यालयों में पढ़ाया जाता हैं। वहीं बहुत से शोधार्थियों ने उनके साहित्य पर पीएचडी की डिग्री प्राप्त की है। दुष्यंत कुमार का जन्म 01 सितंबर 1933 को उत्तर-प्रदेश के बिजनौर जिले के राजपुर नवादा गांव में हुआ था। उनका मूल नाम दुष्यंत कुमार त्यागी था लेकिन वह साहित्य जगत में दुष्यंत कुमार के नाम से जाने गए। उनके पिता का नाम श्री भगवत सहाय और माता का नाम श्रीमती राम किशोरी था। दुष्यंत का अपनी स्कूली शिक्षा के दौरान ही राजेश्वरीजी से विवाह हुआ था। इसके बाद दोनों ने प्रयाग विश्वविद्यालय से हिंदी, दर्शनशास्त्र व इतिहास विषय में विवाहोपरांत साथ मिलकर बी.ए की परीक्षा उत्तीर्ण की। इसके बाद उन्होंने प्रयाग विश्वविद्यालय से ही द्वितीय श्रेणी में एम.ए की परीक्षा पास की। यहीं से उनके साहित्यिक जीवन का आरंभ हुआ और उनके लेखन को एक नया आयाम मिला। अपने दांपत्य जीवन में उन्होंने तीन संतानों को जन्म दिया। उनके दो पुत्र और एक पुत्री थी।

अपने अध्ययन के दौरान दुष्यंत कुमार साहित्यिक संस्था 'परिमल' की गोष्ठियों में सक्रिय रूप से भाग लेते रहे और 'नए पते' जैसे महत्वपूर्ण पत्र से भी जुड़े रहे। इस समय उन्हें मार्गदर्शक के रूप में डॉ.रामकुमार वर्मा, डॉ. धीरेंद्र कुमार शास्त्री व डॉ. रसाल मिले तो सहपाठी के रूप में कमलेश्वर, मार्कंडय और रवींद्रनाथ त्यागी का सान्निध्य प्राप्त हुआ। लेकिन जिंदगी का काफी हिस्सा मध्य प्रदेश में बीता। मध्य प्रदेश सरकार उनके नाम पर दुष्यंत कुमार पुरस्कार भी देती चली आ रही है। दुष्यंत आपातकाल के दौर में अपनी बागी रचनाओं के लिए भी चर्चित हुए थे।



दुष्यंत कुमार ने केवल 42 वर्ष का जीवन पाया था लेकिन उन्होंने जिस भी विधा में साहित्य का सृजन किया वह कालजयी हो गई। उनकी रचनाएं सार्वदेशिक, सार्वकालिक एवं सार्वभौमिक हैं, जो आधुनिक हिंदी साहित्य में आज भी 'मील का पत्थर' मानी जाती हैं। हिंदी अल्फाज़ की ऐसी रवानी, ऐसी ताजगी, ऐसी ऊर्जा और किसी शायर में मुश्किल से ही देखने को मिलती है। दुष्यंत की गजलों एवं शायरी में हिंदी-उर्दू अल्फाज़ का प्रयोग एक नई ताज़गी के साथ ज़ाहिर हुआ है और यह दुष्यंत की बड़ी खूबी मानी जा सकती है। दुष्यंत ने इंसानी कशमकश, जज़्बात, उदासी, महरूमी को भी बहुत फनकारी के साथ बयान किया गया है, जो उन्हें एक न भूलने वाला शायर बनाता है। इसके अलावा ज़बान की सादगी और ज़बान का हिंदुस्तानीपन दुष्यंत को अपने ढंग के सबसे अनोखे और अलबेले शायर के रूप में भी स्थापित करता है। दुष्यंत नई ग़ज़ल के माध्यम से सच बोलने एवं सच रचने का साहस किया एवं अनोखे शायर कहलाये। जिनकी शायरी तब तक ज़िंदा रहेगी जब तक गरीबों, लाचारों और बेबसों के लिए कोई न कोई आवाज़ उठती रहेगी। दुष्यंत के बारे में अच्छी और बुरी बातें हर नए दौर में कही जाती रहेंगी, लेकिन दुष्यंत ही अकेले ऐसे शायर हैं जिन्होंने उम्र भर सियासत को मुंह चढ़ाया, मगर कमाल यह है कि दुष्यंत के बाद सियासतदानों ने संसद में या संसद के बाहर, विधानसभाओं में या विधानसभाओं के बाहर अपनी बात को मनवाने और अपनी बात में ज्यादा वजन पैदा करने के लिए दुष्यंत को ही बार-बार कोट किया है, उनकी ही गजलों एवं शायरी का सहारा लिया है। दुष्यंत का आदर्श कोरा दिखावा न होकर संकल्प की उच्चता एवं पुरुषार्थ की प्रबलता है। व्यक्ति एवं समाज क्रांति के रूप में विकृत सोच एवं आधे-अधूरे संकल्पों को बदलने के लिये दुष्यन्त ने जिजीविषा एवं रचनात्मकता के उपाय निर्दिष्ट किये हैं। दुष्यंत कुमार की संपूर्ण साहित्यिक रचनाओं एवं रचना संसार में अनेक कृतियां हैं। उनके गजल-संग्रह में साये में धूप है तो उपन्यासों में शामिल है छोटे-छोटे सवाल, आँगन में एक वृक्ष, दुहरी ज़िंदगी। उनके काव्य-संग्रह में सूर्य का स्वागत, आवाज़ों के घेरे, जलते हुए वन का वसंत हैं। गीति नाट्य है एक कंठ विषपायी। प्रमुख नाटक है और मसीहा मर गया। कहानी-संग्रह है मन के कोण। हिंदी गजल विधा के पुरोधा दुष्यंत कुमार के सम्मान में भारतीय डाक विभाग ने एक डाक टिकट जारी किया था। इसके साथ ही 'दुष्यंत कुमार स्मारक पांडुलिपि संग्रहालय' में उनकी धरोहरों को संभालने का प्रयास किया गया है। दुष्यंत कुमार की कविता 'हो गई है पीर पर्वत सी, अब पिघलनी चाहिए' के कुछ अंशों का इस्तेमाल 2017 की लोकप्रिय फ़िल्म इरादा में किये गये हैं एवं भारत में हर भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन के दौरान अक्सर इसका उपयोग होता रहा है। दुष्यंत मायूसी के काले बादलों को तार-तार करने की ताक़त रखते हैं और दूसरों को भी ऐसा करने पर उकसाते हैं। दुष्यन्त हिंदी साहित्य के आकाश में सूर्य की तरह चमकते हैं और चमकते रहेंगे। आम से दिखने वाले दुष्यंत को इतनी शोहरत इसलिये मिली कि उन्होंने कभी भी शायरी अपने लिए नहीं की बल्कि जब भी कलम उठायी, अपने लोगों, अपने समाज एवं अपने राष्ट्र के लिए उठायी। जब भी दुख ज़ाहिर किया उन लोगों का किया जिनका दुख दुनिया के लिए कोई मायने नहीं रखता था। ऐसे लोग जो अपने दुख अपने सीनों में लिए जीते रहते हैं और ऐसे ही मर जाते हैं, उन लोगों के दर्द को आवाज देने वाला दुष्यन्त महान् रचनाकार है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# गांव वनस्थली में बिजली विभाग की लापरवाही से युवक की मौत, ग्रामीणों का विरोध

## कब मिलेगा इन कलुषित घटनाओं से छुटकारा ?

## विभाग के जिम्मेदारों पर कब होगी कार्रवाई ?

बढ़ता राजस्थान



**निवाई ( का.स. )।** वैसे तो सभी विभागों में लापरवाही, भ्रष्टाचार के मामले आए दिन देखने को मिलते हैं लेकिन बिजली विभाग में इस तरह के कई ज्यादा मामले देखने को मिलते हैं । जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम को गांव वनस्थली में अपनी ही छत पर सफाई करते समय विकास पुत्र राजेश हरिजन 11 केवी की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई ।करंट लगने के बाद पीड़ित को राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसको मृत घोषित कर दिया । इसके बाद शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया । दूसरे दिन पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया इसके बाद ग्रामीणों ने बिजली विभाग की लापरवाही बताते हुए रोड जाम कर दिया । लोगों ने बताया कि लाइन को शिफ्ट करने के लिए बिजली विभाग को कई बार अवगत करवा दिया गया है लेकिन बिजली विभाग इस और ध्यान नहीं दे रहा है । उन्होंने बताया कि पिछले साल भी एक व्यक्ति की तीये की बैठक के दौरान तार टूट कर गिर गया था लेकिन गनीमत रही कि उस दौरान कोई हादसा नहीं हुआ अन्यथा सैकड़ो लोगों की जान जा सकती थी।

**बेपरवाह रहते हैं शिकायतों के प्रति अधिकारी :** क्षेत्र की किसी भी समस्या को लेकर जब नागरिकों द्वारा इन अधिकारियों को अवगत करवाया जाता है तो उनके कान पर जूं तक नहीं रेगंती है । यह शिकायतों के प्रति बेपरवाह रहते हैं यहां तक की शिकायत को डिस्पैच तक नहीं करते हैं, लेकर रख देते हैं और बाद में फाड़ कर फेंक देते हैं शिकायतकर्ताओं को प्राप्ति की रसीद भी नहीं देते हैं ।

**अफसरों एवं नेताओं की चाटुकारी करते हैं अधिकारी :** बताया जाता है कि यह अधिकारी क्षेत्र के नेताओं एवं ऑब्जर्वेशन पर आने वाले अफसरों की चाटुकारिता करके अपनी कुर्सी बचाए रखते हैं ।जन सुरक्षा के प्रति बिल्कुल बेखौंफ होकर लापरवाही बरतते हैं यहां तक कि आमजन को यह तक कह देते हैं कि अफसरों एवं नेताओं के सुख सुविधा के समान भेजता हूं । कर लेना तुझे जो करना है मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता है ।बहुत हद तक बात सही भी जान पड़ती है कई अधिकारी तो यहां वर्षो से अपना कब्जा जमाए बैठे हैं । कोई भी सरकार हो इनका कोई कुछ नहीं कर सकता है बताया जाता है कि यह अपने स्वार्थ के लिए सबको सेट कर लेते हैं लेकिन इससे जनता को भारी समस्या का सामना करना पड़ता है । बताया जाता है कि नेताओं और अफसर को सेट हो जाने के बाद जनता अपनी पीड़ा किसको बताएं । क्षेत्र में ढीले तारों एवं क्षतिग्रस्त पोलों के सैकड़ो मामले मिल जाएंगे।

## विधायक रामसहाय वर्मा की अभिशंषा पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जारी किए फसल खराबे की विशेष गिरदावरी के आदेश

बढ़ता राजस्थान



**निवाई ( का.स. )।** निवाई-विधायक रामसहाय वर्मा की अभिशंषा पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अतिवृष्टि से हुए फसल खराबे की विशेष गिरदावरी करवाने के आदेश जारी किए है। भाजपा नेता रामप्रसाद शर्मा ने बताया कि विधायक रामसहाय वर्मा ने अतिवृष्टि से हुए फसल खराबे के संबंध में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान को पत्र लिख कर विशेष गिरदावरी करवाए जाने की मांग की थी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रकरण में तत्काल संज्ञान लेकर नियमित रूप से विशेष गिरदावरी करवाने के आदेश जारी किए। आमजन ने आदेश पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं विधायक रामसहाय वर्मा का आभार जताया है।

## रोडवेज बिना यात्री परेशान, विभाग का नही ध्यान

राजस्थान

**शिवाड़ ( नि.स. )।** शिवाड़ कस्बे में रोडवेज प्रशासन द्वारा बिना कोई कारण एक जयपुर जाने वाली रोडवेज पिछले डेढ़ साल से बन्द हो जाने से इस रूट पर जाने वाले यात्रियों और ग्रामीणों के लिए संकट पैदा हो गया है । आये दिन यात्री रोडवेज प्रशासन को शिकायत करते ओर कोसते नजर आते है मगर रोडवेज प्रशासन के कानों पर जूं तक नही रेंग रही है । घुश्मेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रेमप्रकाश शर्मा ने बताया कि रोडवेज द्वारा झाडोदा से जयपुर वाया शिवाड पराना निवाई रोडवेज को बन्द कर देने से यात्री बहुत परेशान हो रहे है । जयपुर से आने और जाने के लिए सिर्फ एक रोडवेज शिवाड़ के लिए रह जाने से भारी परेशानी यात्रियों को हो रही है । वही मालपुरा डिग्गी जाने वाली रोडवेज को विभाग ने कुछ वर्षों पूर्व खराब रोड के कारण बन्द कर दिया था अब रोड बहुत अच्छा होने के बाद भी यहां रोडवेज को वापस शुरू नही किया जा रहा है । वही सवाई माधोपुर से जयपुर वाया शिवाड़ रोडवेज भी बनास नदी आने से बन्द रोड के कारण बन्द है । इस कारण से यात्रियों को और यहां घुश्मेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर आने वाले दर्शनार्थियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । मंदिर ट्रस्ट ने रोडवेज के सीएमडी को पत्र लिखकर इन रोडवेज बसों को पुन: शुरू करवाने की मांग की है । वही एक रोडवेज बस शिवाड़ से महापुरा झिलाई होकर जयपुर तक चलाने की मांग भी की है ।

## रोडवेज में ड्राइवर ओर कंडक्टर का रहता दुर्व्यवहार और समय पर नही चलती रोडवेज

राजस्थान

**शिवाड़ ( नि.स. )।** कस्बे से जयपुर जाने वाली रोडवेज बस आरजे 26 पीए 0780 के ड्राइवर और कंडक्टर द्वारा बस में यात्रियों से दुर्व्यवहार की शिकायत सामने आई है । यात्री कुमुद जैन ने बताया कि शिवाड़ से इस बस के चलने का समय करीब प्रात: 6. 30 बजे है मगर बस के ड्राइवर और कंडक्टर सारसोप में चाय की दुकान पर बस का स्टॉप कर बैठे रहते है और करीब 7 बजे बस को लाते है । उसके बाद सारसोप मोड़ पर एक निजी एजेंट को गुपचुप पार्सल देते है और रोडवेज की आड़ में पर्सनल कमाई करते है और फिर सवारी के लेट होने के ऑब्जेक्शन पर वो बदतमीजी से पेश आते है और जमे जहाँ शिकायत करने को कहते है और कहते है कि हमारा कुछ नही बिगड़ेगा तुम कुछ भी कर लेना इसके अलावा वो बस को निर्धारित गॉव टापुर के स्थान पर सारसोप ही लेकर जाते है जिससे टापूर ग्राम पंचायत के लोगो को सुविधा नही मिल पा रही है और ये इसे डिपो मैनेजर के मौखिक आदेश बताते है । इसके साथ ही वो निवाई जाने वाली रोज की सवारियों से ऊपर ही वसूली कर रोडवेज को चपत लगा रहे है । ग्रामीण के अनुसार सवारी के साथ समान होने पर वो डिक्की और ड्राइवर के यहां खाली जगह में समान नही रखने देते है और समान को फेकने की धमकी देते है और सवारी को नीचे उतरने की धमकी देते है । इससे सवारी दूसरा अन्य साधन नही होने से चुपचाप बैठ जाती है । मामले की शिकायत उपमुख्यमंत्री, रोडवेज ष्द्धस्र और रोडवेज टोंक डिपो प्रबंधक को की गई है ।

**रास्ते मे बस से लेते प्रतिस्पर्धा और सवारियों की जान डालते खतरे में :** ये ड्राइवर स्वयं चाय पीने और बाते करने में बस को शिवाड़ से पहले से ही लेट करने के बाद फिर बस को भगाते है और फिर रास्ते मे पराना और नारवाडी के यहां स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों की संख्या को लेने के लिए प्रतिस्पर्धा कर बस को सिरस से उसी समय आने वाली इसी डिपो की बस आरजे 26 पीए 0741 से आगे - पीछे करते है और फिर रास्ते मे एक दूसरे से रेस खेलते देखे गए उसके लिए उन्होंने बस में बैठी सवारियों की जान की कोई परवाहा नही की ।

## खेल सप्ताह का हुआ समापन

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राहोली में खेल सप्ताह का शनिवार को समापन हुआ। प्रधानाचार्य डॉ. योगेन्द्रसिंह नरूका ने बताया कि बच्चों द्वारा धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाकर बाण से लक्ष्य साधना कर खेल सप्ताह का समापन किया गया। शारीरिक शिक्षक लक्ष्मणसिंह ने कहा कि खेल सप्ताह की प्रतिदिन की अलग अलग थीम रही। जिसमें आउटडोर व इण्डोर दोनों तरह के खेल शामिल रहे। खेल सप्ताह के अंतर्गत तीरंदाजी खेल को विद्यालय में इसी वर्ष बच्चों के लिए लांच किया गया है। खेल सप्ताह के माध्यम से बच्चे विभिन्न खेलों से परिचित हुए। इस अवसर पर बच्चों ने अपने रूचिपूर्ण खेल प्रतिदिन खेलने व फिट रहकर एक बेहतरीन खिलाड़ी के तौर पर अपनी पहचान बनाने की शपथ ली।

## गौ सेवा महिला मंडल की महिलओं ने गायों को गुड खिलाकर की गौ-सवामणि

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** बछ बारस पर श्री दामोदर गौ सेवा महिला मंडल ने गायों को गुड खिलाकर गौ- सवामणि का आयोजन किया। गौशाला प्रवक्ता चंद्रप्रकाश खंडेलवाल ने बताया कि बछ बारस के उपलक्ष में श्री दामोदर गौशाला में श्री दामोदर गौ सेवा महिला मंडल के सदस्यों ने गौ सवामणि को लेकर सर्वप्रथम सभी महिलओं ने गौ माता का पूजन कर आशीर्वाद लिया तथा सभी गोपालको को वस्त्र व उपहार भेंटकर उनका सम्मान किया। गौ माता के लिए निर्मित गोस्वामणि का प्रसाद गौ माता को खिलाया। उन्होंने बताया कि गौ-सवामणि का निर्माण गुड, जौ, बाट काकड़ा व तेल खल आदि को पका कर किया गया।

## गैंगरेप के प्रकरण में फरार चल रहे 45,000/- रुपये के दो ईनामी बदमाश गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( नि.स. )।** पुलिस अधीक्षक धौलपुर सुमित मेहरडा ढ्ढक्क के निर्देशन में व अति. पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार शर्मा ऋक्क व वृत्ताधिकारी मनियां राजेश कुमार शर्मा ऋक्क के निकटतम सुपरवीजन में थानाधिकारी मनियां नरेशचन्द शर्मा 3. नि. मय टीम द्वारा गैंगरेप के प्रकरण में फरार चल रहे 45,000/- रुपये के दो ईनामी बदमाश रामौतार उर्फ औतार उर्फ अवतार व पतिया उर्फ पतिराम को पकड़ने में सफलता हासिल की है।

दिनांक 24-08-2024 को हरिद्वार (उत्तराखण्ड) की रहने वाली एक युवती को नौकरी दिलाने का झांसा देकर उक्त युवती को फोन कर मनियां बुलाया जिसके साथ तीन लोगो ने सामूहिक रूप से दुष्कर्म किया जिसके सम्बन्ध में थाना मनियां पर मु.नं. 399/2024 धारा 70 (1) बीएनएस में पंजीवद्ध कर अनुसन्धान प्रारम्भ किया गया। दौराने अनुसन्धान घटना से संलिप्त आरोपियों को चिन्हित किया गया। जिनके सम्बन्ध में टीम गठित कर घटना में फरार आरोपियो की तलाश की गई। प्रकरण में वक्त घटना से फरार आरोपियों की तलाश हेतु गांव राण्डौली व रतना का पुरा व उनके छिपने वाले सम्भावित स्थानों पर तलाश की गई तो प्रकरण के फरार आरोपियो के सम्बन्ध में जरिये मुखविर सूचना मिली कि गैंगरेप के मुल. जलालपुर मोड पर कही जाने की फिराक में खड़े हुये है उक्त सूचना पर थानाधिकारी मनियां मय टीम के जलालपुर मोड पहुँचे जहां पर मुखविर की बताई हुलिया के दो व्यक्ति खड़े दिखाई दिये जो बावर्दी पुलिस को देखकर भागने लगे जिनको नरेन्द्र कानि. 134, विक्रम कानि. 1065, प्रेमचन्द कानि. 1170 व राजेश कानि. 977 दद्वारा अदम्य साहस का परिचय देते हुये पकडा व नाम पता पूछा तो एक ने अपना नाम रामौतार उर्फ औतार उर्फ अवतार पुत्र भवूति जाति गुर्जर उम्र 58 साल निवासी राण्डौली थाना मनियां व 2. दूसरे ने अपना नाम पतिया उर्फ पतिराम पुत्र होतमसिंह जाति गुर्जर उम्र 25 साल निवासी रतना का पुरा चपरौली थाना मनियां जिला धौलपुर बताया। जो प्रकरण संख्या 399/24 थाना मनियां के वांछित आरोपी है जिन्हें मौके से दस्तयाव किया जाकर तफ्तीश व पूछताछ की गई । बाद तफ्तीश व पूछताछ के जुर्म प्रमाणित होने पर मुल. 1. रामौतार उर्फ औतार उर्फ अवतार पुत्र भवूति जाति गुर्जर उम्र 58 साल निवासी राण्डौली थाना मनियां व 2. दूसरे ने अपना नाम पतिया उर्फ पतिराम पुत्र होतमसिंह जाति गुर्जर उम्र 25 साल निवासी रतना का पुरा चपरौली थाना मनियां जिला धौलपुर को दिनांक 30-08-2024 को वृताधिकारी मनियां राजेश कुमार शर्मा द्वारा पृथक-पृथक गिरफ्तार किया गया। मुल. रामौतार उर्फ औतार उर्फ अवतार पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक धौलपुर की ओर से 25.000/- रुपये व मुल. पतिया उर्फ पतिराम पर 20,000/- रुपये का ईनाम है।

## रामकथा में संत शम्भूशरण लाटा ने दिए प्रमुख प्रसंगों पर प्रवचन



राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** शनिवार को रामकथा में व्यास पीठ से सन्त शम्भूशरण लाटा ने सूपर्णखा की नाक काटने वाला प्रसंग, मारीच वध, रावण द्वारा सीता हरण, हनुमान मिलन, बाली वध, अंगद राजतिलक के प्रसंग पर विस्तृत प्रवचन दिया। महाराज ने बताया कि जब राम लक्ष्मण सीता हरण के बाद जंगलों में जानकी को ढूंढ रहे थे तो रास्ते में उन्हें कानों के कुण्डल हाथों के कंगन मिले। राम ने लक्ष्मण से गिरे मिले इन गहनों के बारे में पूछा तो लक्ष्मण ने सिर झुकाकर कहा कि भैया मुझे नहीं पता ये गहने किसके हैं। राम ने कहा भाई तुम अपनी भाभी के गहने नहीं पहचानते तो लक्ष्मण ने हाथ जोड़कर विन्रमता से कहा कि भैया मैनें तो हमेशा भाभी के चरणों की सेवा की हैं। चरणों से ऊपर मैंने कभी देखा ही नहीं तो मुझे कैसे ज्ञात होगा कि ये चूड़ियां, कुण्डल माता जानकी के हैं। रामकथा के दैनिक यजमान रामदास-बालमुकुन्द बाहेती परिवार ने कथा से पूर्व रामायण जी की पुजा करी एवं आरती पश्चात श्रोताओं को जयनारायण चौधरी प्रशासनीक अधिकारी नगरपालिका एवं कार्यरत पँचायत समिति परिवार ने प्रसाद वितरण किया। समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश सोनी, परिषद अध्यक्ष रामजीलाल शर्मा, व्यवस्थापक रामबाबू परतानी ने सपत्नीक व्यास पीठ की आरती करी। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के कार्यकर्ताओं ने प्रसाद वितरण में सहयोग प्रदान किया।

## सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** शनिवार को सदस्यता अभियान को लेकर डाक बंगले पर भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई । इस दौरान पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया । बैठक को संबोधित करते हुए सदस्यता अभियान की जिला सहसंयोजक राजकुमारी शर्मा ने बताया कि सदस्यता अभियान के लिए भाजपा द्वारा एक नंबर जारी किया गया है उस नंबर पर मिस कॉल देकर सदस्य बनाना है । शहर मंडल अध्यक्ष अंकुर गुप्ता ने बताया कि प्रत्येक बूथ पर 200 लोगों को सदस्य बनाया जाएगा ।इस अवसर पर सदस्यता अभियान के संयोजक नितिन छाबड़ा, गणेश सिंह राजावत, कैलाश नटवाड़ा, शहर महामंत्री करण सिंह राजावत, नंदन पारीक, चिरंजीलाल झापड़ी, हनुमान रजवास, सियाराम शर्मा, पार्षद बाबूलाल सैनी, शंकर लाल सैनी, रामविलास बलाई, लालचंद सैनी, जय नारायण कुमावत, मदन कुमावत, एडवोकेट रमेश शर्मा, जितेंद्र धारवाल, रणेद्र नेमिया, एसटी मोर्चा के शहर अध्यक्ष लोकेश बैरवा सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे ।

## विद्यालय में उत्साह से मनाया गया खेल दिवस

बढ़ता राजस्थान



**रावतभाटा ( नि.स. )।** नई शिक्षा नीति के तहत बैग लेस डे पर सेंट पॉल सेकंडरी स्कूल में शनिवार सुबह खेल दिवस का आयोजन बड़े उत्साह और उमंग के साथ किया गया। इस अवसर पर कक्षा नर्सरी से दसवीं तक के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रकार की खेलकूद प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया ।जिसमें कक्षा 1से 10के लिए बेलेंस रेस व इंटर हाउस में प्राइमरी स्तर पर रस्साकशी व सेकेंडरी स्तर पर रिले रेस का आयोजन किया गया। प्राइमरी में छात्र वर्ग में प्रथम पर्पल हाउस व द्वितीय ब्लू हाउस रहा एवं छात्रा वर्ग में प्रथम ग्रीन हाउस व द्वितीय पर्पल हाउस रहा। सेकंडरी स्तर पर रिले रेस में छात्रा वर्ग में प्रथम ग्रीन हाउस व द्वितीय ऑरेंज हाउस रहा तथा छात्र वर्ग में प्रथम पर्पल हाउस व द्वितीय ग्रीन हाउस रहा। प्राचार्य फ़ादर डेंटी जोसफ ने विजेता विद्यार्थियों को शुभकामनायें दी ।इसके पश्चात प्राचार्य फ़ादर डेंटी जोसफ ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला और छात्रों को खेल भावना बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य फ़ादर ने बताया कि बैग लेस डे के तहत प्रत्येक माह के अंतिम दिवस पर इस प्रकार की अनेक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा जिससे विद्यार्थियों का शारीरिक मानसिक व सर्वांगीण विकास होगा ।कार्यक्रम के दौरान सभी शिक्षक विद्यालय प्रांगण में उपस्थित थे। विभिन्न कक्षाओं इंटर हाउस के बीच हुई प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय वे तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगियों को अभिभावकों द्वारा मैडल प्रदान किए गए। अंत में प्रधानाचार्य महोदय ने सभी छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों और कर्मचारियों को धन्यवाद दिया और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बधाई दी। इस तरह, बैग लेस डे पर विद्यार्थियों को न केवल खेलों के प्रति प्रेरित किया बल्कि उनके बीच एकता और भाईचारे की भावना को भी प्रोत्साहित किया।

## चोरों ने दो कारों के चुराए पहिए, ईंटों के सहारे खड़ी हैं कारें

### चोरी की बढ़ती वारदातों से लोगों में आक्रोश

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने भगतसिंह कॉलोनी में घर के बाहर खड़ी 2 कारों के पहिए खोलकर चुरा ले गए। इस मामले में दोनों कार मालिकों ने पुलिस थाने में चोरी का मामला दर्ज करवाया है। थानाधिकारी हरिराम वर्मा ने बताया कि कार मालिक भगतसिंह कॉलोनी निवासी पीएचडी विभाग के सहायक अभियंता नितिन कुमार जैन व उत्सव जैन उर्फ कन्नू जगतपुरा ने मामला दर्ज करवाया है कि कॉलोनी में दो अलग-अलग गलियों में शुक्रवार की रात को नितिनकुमार जैन ने अपनी बलेनो कार को घर के बाहर खडा किया था। देर रात को अज्ञात चोर कार के नीचे ईंटें लगाकर कार के चारों पहियों को खोलकर ले गए। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार आदर्श स्कूल के समीप से उत्सव जैन उर्फ कन्नू जगतपुरा की स्विफ्ट डिजायर कार के भी इसी प्रकार ईंटें लगाकर पहिए खोल कर ले गए। शनिवार की सुबह चोरी की सूचना पर थानाधिकारी हरिराम वर्मा मय जाप्ते के घटनास्थल पर पहुंचे व पीडितों से घटना की जानकारी ली।

पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस सीसी फुटेज कैमरे खंगाल रही है। शहर में चोरी की बढती वारदातों से लोगों में आक्रोश व्याप्त हो रहा है।

## ओम नम : शिवाय के जयकारो के साथ रवाना हुई पदयात्रा

राजस्थान



**नटवाड़ा ( नि.स. )।** गांव हतोना में श्री घुश्मेश्वर महादेव पदयात्रा संघ की ओर से शनिवार को शिवाड़ घुश्मेश्वर महादेव के लिए पदयात्रा ध्वज पूजन एवं ओम नम: शिवाय के जयकारो के साथ रवाना हुई। पदयात्रा में शामिल पदयात्री भजनो पर नाचते-गाते हुए रवाना हुए। पदयात्रा संघ के मुख्य संचालक प्रहलाद भगत ने बताया कि शनिवार की सुबह सभी ग्रामीण श्री रघुनाथ जी भगवान के मन्दिर परिसर में एकत्रित होकर पदयात्रा के ध्वज का विधिवत मंत्रोचारण के साथ पूजन करने के बाद घुश्मेश्वर महादेव की प्रतिमा को फूलो से सजें-धजे रथ में विराजमान कर गॉव में भ्रमण करवा कर गाजे बाजे की मधुर धुन पर पदयात्री नाचते गाते हुए ओम नम: शिवाय के जयकारो के साथ पदयात्रा का शुभारम्भ किया। पदयात्रा में महिलाएं रंग बिरंगे वस्त्र पहन कर मगंल गीत गाती एवं भगवान के जयकारे लगाती हुई चल रही थी। इससे पूर्व ग्रामीण पंच-पटेलो ने पदयात्रा की सफलता के लिए पथवारी माता का पूजन कर महाआरती की।

## बांड़ी नदी के तेज बहाव से रोड़ टूटा, ग्रामीणों को हो रही है परेशानी, बच्चों को स्कूल पहुंचने के लिए लगाना पड़ रहा है लंबा चक्कर

बढ़ता राजस्थान



**निवाई ( का.स. )।** गांव राहोली से बांड़ी नदी के तेज बहाव के कारण डाबिच जाने वाली सडक़ पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है जिससे ग्रामीणों व विद्यार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हनुमान सिंह, दशरथ सैनी, रामप्रसाद चौधरी, मुकेश सैनी, छोटूलाल सैनी व सुरेशकुमार चौधरी ने बताया कि बांड़ी नदी के तेज बहाव के कारण रोड 500 मीटर तक पूरी तरह टूट चुकी है। जगह-जगह दो-तीन फीट के गहरे गड्ढे हो गए हैं जिससे विद्यार्थियों को चार-पांच किलोमीटर का चक्कर लगाकर राहोली स्कूल में आना पड़ रहा है। गांव तुम्बीपुरा, सरस्वतीपुरा, हरियाली ढाणी, रेहडा ढाणी, ठुकराणो की ढाणी व नोन्दपुरा सहित कई गांवों के लोगों का इसी रोड से आगमन इसी रोड से होता है। रोड के टूट जाने से ग्रामीणों को नहीं उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने इस रोड के बारे में विधायक रामसहाय वर्मा को भी अवगत करवा दिया गया। मगर समस्या का समाधान नहीं हुआ है।

# प्रदेश में सरकार बनाएगी चिकित्सा व स्वास्थ्य सुविधाओं की डायरेक्ट्री

## राज्य के सभी अस्पताल, क्लीनिक, डॉक्टर, स्टॉफ और सुविधाओं का डेटा होगा ऑनलाइन

बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** प्रदेश के सभी प्राइवेट व सरकारी अस्पतालों को एक प्लेटफार्म पर लाने के लिए सरकार द्वारा स्वास्थ्य सुविधाओं का मेप तैयार किया जा रहा है। इसके अंतर्गत हेल्थ फैसिलिटी रजिस्ट्री (एचएफआर) का कार्य शुरू किया गया है। इसमें सभी अस्पतालों के साथ चिकित्सा केंद्रों से जुड़े स्वास्थ्यकर्मियों का डेटा भी रजिस्टर्ड किया जाएगा। इसके बाद किस शहर में कितने सरकारी व प्राइवेट अस्पताल व क्लिनिक है, इसकी जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध होगी। साथ ही आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन में सभी हेल्थ वर्कर्स का डेटा भी ऑनलाइन हो रहा है तथा वहां उपलब्ध सुविधाओं को चिन्हित किया जा रहा है। इनके अलावा सभी मेडिकल स्टोर्स को भी हेल्थ फैसिलिटी रजिस्ट्रेशन कराना होगा।

विभागीय जानकारी के अनुसार इसके तहत सभी डॉक्टर्स, नर्स, फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन, रेडियोग्राफर का ऑनलाइन डेटा भरा जा रहा है। उनकी जियोटैगिंग भी की जा रही है तथा यह डेटा ऑफिस की लोकेशन के साथ भराया जा रहा है। इसके साथ ही उपस्वास्थ्य केंद्रों की भी एंट्री की जा रही है। इससे यह भी पता चल सकेगा कि किसी क्लिनिक या होम प्रैक्टिस में क्या सुविधाएं हैं। उनके खुलने व बंद होने का समय क्या है, ताकि मरीज अपनी सुविधा अनुसार वहां जा सकेंगे। इसमें छोटी चिकित्सा संस्थाएं भी दर्ज होंगी।

हैल्थ फेसिलिटी रजिस्ट्री के अंतर्गत पहले चरण में किस सेंटर पर डिलीवरी की सुविधा है, किस सेंटर पर टीकाकरण की सुविधा है, इसे चिन्हित किया जा रहा है। दूसरे चरण में वहां किस-किस रोग के विशेषज्ञ बैठते हैं, उनका ओपीडी कब है, ऑपरेशन का दिन कौनसा है, यह पता चल सकेगा। प्राइवेट डॉक्टर्स, मेडिकल स्टोर्स, ब्लड बैंक, डायग्नोस्टिक सेंटर, इमेजिंग सेंटर की भी एचएफआर आईडी बनाई जा रही है। इसमें उनके द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं व स्टॉफ का रजिस्ट्रेशन होगा। इससे टीकाकरण में बड़ा लाभ होगा। आम तौर पर कई बार माता-पिता के शहर से बाहर जाने के कारण कई बार बच्चों के टीका लगने से रह जाता है। उन्हें दूसरे शहर में टीकाकरण केंद्र की जानकारी नहीं होने से वे टीके लगवा नहीं पाते हैं। समय पर टीके नहीं लगने से बच्चों को खतरा रहता है, लेकिन अब जल्द ही वे कहीं भी टीकाकरण सेंटर की जानकारी पा सकेंगे तथा आभा आईडी से बच्चे के टीके की एंट्री भी हो जाएगी।

## एंटी रोमियो अभियान में कोतवाली पुलिस की दूसरी कार्यवाही

# आठ मनचलो को पुराने बाजार और आसपास के क्षेत्र से पकड़ा, तीन बाइकों को किया जप्त

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के कोतवाली थाना पुलिस द्वारा एंटी रोमियो अभियान में एक बार फिर से कार्रवाई की है। शहर के पुराना बाजार में ट्यूशन सेंटरों के आसपास बाइको पर सवार होकर आये मनचलों द्वारा बालिकाओं से टोंटिंग करने और छेड़छाड़ करने के मामले में सादा वर्दी में तैनात पुलिस द्वारा आइडेंटिफिकेशन करने के बाद आठ मनचलो को गिरफ्तार किया है। इन मनचलों के कब्जे से पुलिस ने तीन बाइक भी जप्त की है। सभी के खिलाफ कानूनी कार्रवाही की जा रही है।

कोतवाली थाना अधिकारी शिवलहरी मीणा ने बताया कि सीएलजी बैठकों के साथ शहर में गश्त के दौरान लोगों द्वारा शिकायत की गई की ट्यूशन केंद्र और कोचिंग सेंटरों के आसपास बाइक पर सवार युवकों द्वारा बालिकाओं से छेड़छाड़ की जाती है। आरोपी युवक बालिकाओं से टोंटिंग करते है।

**पहले सादा वर्दी में तैनात होती है सम्बंधित क्षेत्र में पुलिस :** एसएचओ शिवलहरी मीणा ने बताया कि उक्त मामले में सही आरोपी को पकड़ने के लिए कार्रवाई से पूर्व सादा वर्दी में ट्यूशन केंद्र और आसपास के क्षेत्र में सादा वर्दी में पुलिस तैनात की जाती है। जो ऐसे बाइकर्स और मनचलो की पहचान करती है। इसके बाद पुलिस की टीम इनको लोकेशन के आधार पर गिरफ्त में लेती है। एंटी रोमियो अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने यह दूसरी कार्रवाई की है। आज की कार्रवाई पुराना बाजार और बनिया पाड़ा क्षेत्र में की गई। जहां से 8 रोमियो पकड़ में आए हैं। इन आठ मनचलों से तीन बाइकों को भी जप्त किया है।

**यह मनचले आए पुलिस के हाथ :** कोतवाली एसएचओ शिवलहरी मीणा ने बताया कि पुलिस की दो टीमों ने यह कार्रवाई की है जिसमे आठ मनचलों को गिरफ्त में लिया है। उनके नाम आवेद पुत्र काले मुसलमान निवासी जोशी पाड़ा,अरशद पुत्र जब्बार मुसलमान निवासी जोशी पाड़ा, सुफियान पुत्र सत्तार खां निवासी बटवाल पाड़ा, साहिल पुत्र जब्बार निवासी तुलसीवन रोड, मोनू कुरेशी पुत्र गस्सो कुरैशी और कबीर कुरेशी पुत्र बंटू कुरैशी निवासी तुलसीवन रोड के साथ सुमन पुत्र श्रीनिवास गुर्जर निवासी जरारी थाना कंचनपुर और सचिन पुत्र भोगीराम गुर्जर निवासी लायक का पूरा को गिरफ्तार किया है। पुलिस की यह कार्रवाई कोतवाली एएसआई लालमन सिंह के नेतृत्व में की गई। जिसमें कांस्टेबल सुमन प्रकाश, बृजेश कुमार, रितेश कुमार, राजपाल सिंह और हेमंत कुमार का विशेष सहयोग रहा है।

## स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्र में नियमित सफाई को लेकर बैठक

# वीसी के माध्यम से पंचायत राज विभाग के उच्च अधिकारियों ने दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के निदेशक द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के द्वितीय चरण में गांव में नियमित रूप से साफ- सफाई हो और हर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए साथ में शौचालय एवं अन्य प्रकार की गंदगी को लेकर भी ऐसी नीति अपनाई जाए जिससे ग्रामीण जन जीवन का विकास हो सके। इसको लेकर पंचायत राज विभाग के निदेशक द्वारा एक बैठक का वीडियो कांफ्रेंस के जरिए आज शहर के पंचायत समिति के वीसी रूम में आयोजन किया गया। इस बैठक में धौलपुर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुदर्शन सिंह तोमर के साथ पंचायत राज विभाग के उच्च अधिकारी भी मौजूद रहे। जिसमें सभी ग्राम पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी,पंचायत समिति के पंचायत प्रसार अधिकारी और वीडियो मौजूद रहे। पंचायत समिति के वीसी रूम में आयोजित बैठक को लेकर वीडियो रामबोल सिंह ने बताया कि अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी शहरों की तरह नियमित साफ सफाई हुआ करेगी साथ में ग्रामीण सामुदायिक शौचालय की सफाई के साथ ग्रामीण क्षेत्र में गंदगी से जुड़े विभिन्न बिंदुओं का निष्पादन हो सके इसकी कार्य योजना बनाई जा रही है। प्रथम चरण में साफ सफाई नियमित हो इसके लिए बीएसआर दरों पर कार्य आवंटन किया जा रहा है। जिसको लेकर आज यह बैठक आयोजित हुई है। इसमें सभी ग्राम विकास अधिकारियों को निर्देश दिए हैं की वे जल्द से जल्द बीएसआर दरों पर अपने ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई का काम शुरू करें।

**पूर्व की बैठक के निर्देशों की नहीं हुई पालना तो दिया रिमाइंडर :** पंचायत राज विभाग के आयुक्त एवं शासन सचिव द्वारा सभी ग्राम विकास अधिकारियों को रिमाइंडर दिया है।जिसमे पूर्व में 31 जुलाई को स्वच्छता को लेकर हुई बैठक में जो निर्देश दिए थे उनकी पालना नही होने और उस संबंध में कोई सूचना नहीं पहुचाने पर नाराजगी व्यक्त की है।

**ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्रों में नहीं होती नियमित साफ सफाई :** बड़े गांवो को छोड़कर ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्र में नियमित साफ सफाई नहीं होती। कभी कभार कोई कार्यक्रम होने पर ही ग्राम पंचायत द्वारा लगाए गए स्वीपर सफाई करते हैं। ऐसे में टेंडर द्वारा नियमित सफाई होने पर स्वच्छता के प्रति ग्रामीण क्षेत्र में जागरूकता पैदा होगी।

# संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन को जन कल्याण सेवा के लिए किया गया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के दिव्य मार्गदर्शन में कार्यरत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन को समाज कल्याणार्थ आयोजित सी. एस. आर. शिखर सम्मेलन के 11वें संस्करण के पुरस्कार समारोह में यू.बी.एस. फोरम द्वारा वर्ष के सबसे प्रभावशाली एन. जी. ओ. के रूप में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सम्मानित अर्वाड को प्राप्त करने हेतु संत निरंकारी मण्डल के सचिव परम् आदरणीय श्री जोगिन्दर सुखीजा उपस्थित हुए जिन्होंने इस गौरवशाली सम्मान को प्राप्त करते हुए कहा कि संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन को प्राप्त हुए इस प्रकार के अनेक विशेष पुरस्कार, विभिन्न सामाजिक और धर्मार्थ प्रयासों में किए जा रहे उसके प्रभावशाली कार्यों को उजागर करते हैं जो सतगुरु माता जी एवं निरंकारी राजपिता जी की अनमोल एवं प्रेरणादायक शिक्षाओं का ही सुंदर परिणाम है। निसंदेह यह क्षण हम सभी के लिए एक गौरवमयी पल है। सन् 2010 में स्थापित संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन समाज के हर क्षेत्र में अपनी कल्याणकारी परियोजनाओं को क्रियान्वित कर अपनी सकारात्मक भूमिका निभा रहा है जिनमें स्वास्थ्य क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न चैरिटेबल अस्पताल, डिस्पेंसरी, फिजियोथेरेपी, दंत चिकित्सा, नेत्र चिकित्सा केन्द्र, डायग्नोस्टिक लैब इत्यादि सेवाएं उपलब्ध करवायी गयी है जिनसे अभी तक लाखों की संख्या में लोग सुविधाएं प्राप्त कर चुके है। इन्हीं सेवाओं के अंतर्गत संत निरंकारी हेल्थ सिटी प्रोजेक्ट के निर्माण का कार्य प्रगति पर है जो मानवता एवं एकत्व के सुंदर भाव पर समर्पित है। शिक्षा क्षेत्र के अंतर्गत विद्यालय, कॉलेज एवं युवाओं हेतु विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण केन्द्र जैसे निरंकारी इंस्टीयूट ऑफ म्यूजिक एंड आर्ट, नि:शुल्क शिक्षा केंद्र, लाईब्रेरी इत्यादि विशेष है।

प्रकृति संरक्षण हेतु अनेक परियोजनाओं को एस एन सी एफ द्वारा क्रियान्वित किया जा रहा है जिसमें जल संरक्षण हेतु 'प्रोजेक्ट अमृत' एवं प्राकृतिक संतुलन हेतु 'वननेस वन' जैसी परियोजना संचालित की जा रही हैं ताकि पृथ्वी का संरक्षण किया जा सके।

# खानपुर मित्र मंडल सेवा समिति मना रहा सेवा वर्ष, स्थापना के तीस वर्ष होने पर आयोजन

## अपना घर और अन्य संस्था को दी आवश्यक सामग्री



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( नि.स. )।** जिले में सेवा के क्षेत्र में अग्रणी मित्र मण्डल सेवा समिति खानपुर अपनी स्थापना के 30 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में इस वर्ष को सेवा वर्ष के रूप में मना रहा है। इसके अंतर्गत हर माह प्राणी मात्र की सेवा से संबंधित सेवा कार्य किये जा रहे हैं। इस कढ़ी में शनिवार को अपाहिजों,बेसहारा और निराश्रितों की सेवा करने वाली संस्था अपना घर बाड़ी को भोजन के लिए खाध सामग्री भेंट की गई साथ ही मुरैना जिले की लिटिल स्टार फाउंडेशन संस्था के अनाथ बच्चों को खाध सामग्री,तौलिया, कापी,पेन और बिस्कुट के पैकेट बितरित किये गए। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष छोटेराम मीना,सचिव धर्मेन्द्र कुलश्रेष्ठ,रामनिवास मीना, शिवकांत शर्मा,महेशचंद मीना,जुगेंद्र सिंह मीना,लालसिंह मीना, राजवीर सिंह मीना, हरिवीर सिंह,सालिगराम प्रजापति,कुलदीप सक्सेना, संतराम, लोकेंद्र सिंह,संजय मीना आदि मौजूद रहे।

# जिले में फिर हुई लूट की वारदात : घर में घुसकर बुजुर्ग दंपति पर बदमाशों ने बोला हमला, सोने की मुरकियां लूटकर हुए फरार

बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** जिले के टोडारायसिंह कस्बे में शुक्रवार को रात्रि कुछ बदमाश घर में घुसकर एक बुजुर्ग दंपत्ति से सोने के आभूषण लूटकर फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर अज्ञात लुटेरों की तलाश शुरू कर दी प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात लुटेरों ने टोडारायसिंह कस्बे के वार्ड नम्बर छह में कुम्हार मोहल्ला स्थित एक घर पर धावा बोल दिया। घर में उस समय एक वृद्ध दंपत्ति प्रह्लाद उर्फ पोलूराम प्रजापत व उसकी पत्नी सो रहे थे। लुटेरों ने उन्हें एक नुकीला हथियार दिखाकर डराया धमकाया व प्रह्लाद उर्फ पोलूराम के कानों में पहनी हुई सोने की मुर्कीयां खींच ली। लुटेरों ने महिला के पहने हुए गहने भी छीनने की कोशिश की, मगर सफल न होने पर वे बुजुर्ग महिला से मारपीट करने लगे। इसी दौरान शोर शराबा होने से वे भाग छूटे। मुरकियां खींचने से पोलूराम का कान कटकर लहुलूहान हो गया तथा मारपीट से महिला भी जख्मी हो गई। बताया जा रहा है कि इस वारदात में तीन बदमाश शामिल थे। दो बदमाशों ने घर के अंदर हमला किया, जबकि तीसरा बदमाश मोटरसाइकिल के साथ बाहर खड़ा रहा। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गई और मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। वारदात के मद्देनजर इलाके में सतर्कता बढ़ा दी गई है। गौरतलब है कि तीन दिन पहले भी जिले के केकड़ी सदर थाना क्षेत्र के कादेड़ा कस्बे में इसी तरह की लूट की वारदात हुई थी।



टोडारायसिंह में लूट का शिकार हुए बुजुर्ग दंपत्ति।

# राजकीय सेवा से मधु शर्मा हुई सेवानिवृत

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी (राजू शर्मा)।** अपने मृदु व्यवहार और उम्दा कार्यशैली के लिए आमजन में चर्चित तहसील कार्यालय बाड़ी व उपखंड कार्यालय में सहायक प्रशासनिक अधिकारी के पद पर कार्यरत मधु शर्मा (बहिन जी)लगभग 20 साल की सरकारी सेवा के बाद सेवानिवृत हुईं। सेवानिवृति कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी राधेश्याम मीना, तहसीलदार मोहम्मद हनीफ ने मधु शर्मा के कार्यकाल की भूरी भूरी प्रशंशा की और अन्य कर्मचारियों को उनके कार्यशैली से सीख लेने की भी सलाह दी । सेवानिवृत्ति कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता हरीश चंद कनौआँ, सेवानिवृत व्याख्याता राकेश शर्मा, अनसुइया शर्मा, हरिमोहन शर्मा मेल नर्स, चंद्रशेखर शर्मा अध्यापक,पंकज शर्मा, चित्रा शर्मा अध्यापिका,अंकेश शर्मा सिनियर लेखा अधिकारी , ठेकेदार रवि शर्मा, आचार्य जितेंद्र कनौआँ, हरिमोहन मुदगल मेल नर्स,बालेश्वर महादेव मंदिर के महंत छीतो पुजारी, ठेकेदार रामनिवास कनौआँ, भाजपा नेता सुरेश शर्मा समेत उपखंड कार्यालय एवं तहसील कार्यालय बाड़ी के कर्मचारी मौजूद रहे।

# जिला कलक्टर ने जारी किए ज़िला रसद कार्यालय के लिए कार्य विभाजन आदेश

बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी ( नि.स. )।** जिला कलक्टर श्रीमती श्वेता चौहान के एक आदेश के तहत जिला रसद कार्यालय में कार्मिकों के रिक्त कार्यक्षेत्रों पर प्रवर्तन स्टॉफ का पदस्थापन एवं कार्य विभाजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए जिला रसद अधिकारी मोहनलाल देव ने बताया कि प्रवर्तन अधिकारी खेमाराम को केकड़ी ,सरवाड़ एवं भिनाय उपखंड क्षेत्र आवंटित किया गया है। साथ ही उन्हें अभियोजन एवं राशन कार्ड व आधार कार्ड आदि विभागीय सूचनाओं का अतिरिक्त कार्यभार भी दिया गया है। इसी प्रकार प्रवर्तन निरीक्षक अतुल कुमार बड़ाया को टोडारायसिंह एवं सावर उपखंड क्षेत्र आवंटित किया गया है। साथ ही उन्हें जनसुनवाई, जिला कलक्टर के यहां विभागीय पैरवी तथा विधानसभा प्रश्न का अतिरिक्त कार्य भी दिया गया है।

# आज से लागू होगी रसोई गैस सिलेण्डर सब्सिडी योजना, केकड़ी जिले में हैं एक लाख से अधिक पात्र परिवार

बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** खाद्य एंव नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा राज्य में रसोई गैस सिलेण्डर सब्सिडी योजना शुरु की जा रही है। इसके तहत प्रधानमंत्री उज्जवला योजना एंव चयनित बीपीएल परिवार के साथ राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अन्तर्गत वे पात्र परिवार, जिनके द्वारा ई केवाईसी करवा ली गई है, उन परिवारों को 450 रु में गैस सिलेण्डर देय होगा। जिला रसद अधिकारी मोहनलाल देव ने बताया कि यह गैस सिलेण्डर सब्सिडी योजना एक सितम्बर 2024 से लागू होगी। केकड़ी जिले में खाद्य सुरक्षा योजना मे पात्र परिवार एक लाख 12 हजार 792 है। पात्र परिवारों को गैस सिलेण्डर निर्धारित राशि जमा करवाकर गैस एजेन्सी से प्राप्त करना होगा। तत्पश्चात 450 रुपए से अधिक भुगतान की गई अन्तर राशि, परिवार के मुखिया के जनाधार कार्ड से लिंक बैंक खाते मे राज्य सरकार द्वारा जमा कराई जाएगी। डीएसओ मोहनलाल देव ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अन्तर्गत ऐसे परिवार जिनके द्वारा ई- केवाईसी करवाई जा चुकी है, उन्हें रसोई गैस सिलेण्डर सब्सिडी योजना का लाभ प्राप्त करने के लिये अपने राशन कार्ड को एलपीजी आईडी व जनाधार से सीडिंग करवाना होगा, तभी सब्सिडी का लाभ प्राप्त हो पाएगा।

# नेत्रदान जागरूक पखवाड़ा के तहत संगोष्ठी का आयोजन

बढ़ता राजस्थान




**धौलपुर ( नि.स. )।** समदर्शी क्षमताविकास अनुसंधान मंडल (सक्षम) धौलपुर के द्वारा नेत्रदान जागरूक पखवाड़ा के तहत एक संगोष्ठी का आयोजन राजकीय गर्ल्स उच्च माध्यमिक विद्यालय धौलपुर में किया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रिंसिपल अर्चना मिश्रा ने की तथा मुख्य स्थिति के रूप में प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मुनेंद्र गर्ग मंच पर विराजमान थे। विशेष अतिथि के रूप में जिला सचिव (सक्षम) दिनेश गर्ग, शंकर लाल सक्सेना, तथा दिहोली की प्रिंसिपल गोगना मैडम थी। प्रारंभ में मंचासीन अतिथियों का परिचय के बाद संगठन का पट्टा देकर उनका स्वागत किया गया संगठन के बारे में जानकारी देते हुए अशोक सिंघल प्रांतीय प्रचार प्रमुख ने कहा कि 16 साल पहले इस संगठन का नागपुर में प्रारंभ हुआ था जो देश के 400 जिलों में कार्य रत हैं यह संगठन दिव्यांग व्यक्तियों/ महिलाओं की क्षमताओं का विकास कर उन्हें सक्षम बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है। मुख्य अतिथि डॉक्टर गर्ग ने कहा की आंख है तो जहान है तो हमें आंखों की सुरक्षा करते रहनी चाहिए और रक्तदान की तरह ही नेत्रदान के लिए लोगों को प्रेरित करना चाहिए जिला सचिव दिनेश गर्ग कहा कि आपके आसपास ऐसी कोई दिव्यांगों जिन्हें किसी चीज की आवश्यकता हो तो हमारी संस्था को सूचित करें नेत्रों की सुरक्षा पर ध्यान दें अध्यक्षया ने अपनी आभारीय भाषण में सबका धन्यवाद देते हुए का कि हम सभी को ऐसे दिव्यांगों के लिए सोचना चाहिए उनकी मदद करनी चाहिए । अंत में शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ कार्यक्रम में सक्षम के कार्यकर्ता हरि बाबूजी अशोक कुलश्रेष्ठ, देवकीनंदन जी शर्मा, खंगार सिंह,विनोद जी उपाध्याय के साथ अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# डोल मेला में झूला चकरी मैदान को ठेके पर देना न्यायसंगत नही

## स्थानीय लोगों की रोजी-रोटी के साथ खिलवाड़, अपराधी तत्व रहेंगे हावी

बढ़ता राजस्थान

**बारां ( शफीक मंसूरी )।** नगर परिषद द्वारा इस वर्ष डोल मेला के झूला चकरी क्षेत्र को एक मुश्त ठेके पर देने के निर्णय से स्थानीय रोजगार पर विपरीत असर पड़ेगा। अरसे से जो छोटे-मोटे व्यापारी वहां बैठकर अपनी आजीविका चलाते थे उनको इस बार वहां अपनी आजीविका चलाना मुश्किल हो जाएगा और इस क्षेत्र को एक मुश्त ठेके पर देने से यहां असामाजिक तत्वों का बोलबाला रहेगा, जिसके कारण मेला क्षेत्र की अमन शांति को भी खतरा बना रहने की संभावना है। व्यापार महासंघ के पूर्व अध्यक्ष ललित मोहन खण्डेलवाल ने बताया कि डोल मेले के लंबे दौर में अब तक व्यापारियों एवं झूला चकरी वालों को अपनी-अपनी दुकानों का निर्धारित किराए पर स्वयं आवंटन किया जाता रहा है, कई छोटे परिवार झूला चकरी बाजार में अपना कारोबार करके अपनी आजीविका चलाते रहे है जिनके पास बरसों से भूमि आवंटन किराए की रसीदे मौजूद है। इस बार नगर परिषद द्वारा जनहित के विपरीत नगर परिषद के लाभ को देखते हुए पूरा झूला चकरी परिसर को एक मुश्त ठेके पर दिए जाने से जहां छोटे-छोटे कारोबारी प्रभावित होंगे वहीं ऊंची दर पर ठेका लेने वाले अपनी मनचाही कीमतों पर दूसरों को कारोबार के लिए भूमि आवंटित करेंगे तथा वहां पर असामाजिक तत्वों का जमावडा बना रहेगा। खण्डेलवाल ने बताया कि नगर परिषद का यह निर्णय न्यायसंगत नही है इससे कई परिवारो की रोजी-रोटी पर जो डोल मेले से आय की आस लगाकर रहते है उन पर काफी बुरा असर पडेगा। नगर परिषद को अपने निर्णय पर पुर्न विचार कर पूर्व की भांति काबिज व्यापारियों को भूमि का आवंटन करना चाहिए और जो व्यापारी फर्जी रूप से दुकानें लेकर बैठे है उनके आवंटन को रद्द कर मूलरूप से कारोबार करने वाले लोगों को भूमि का आवंटन किया जावे ताकि भूमि की मुनाफाखोरी बंद हो सके।

# गिट्टी से भरे अवैध डंपर ने कुचला गाय का पेर

## खून से लथपथ गाय को गौशाला भिजवाया

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा ( प्रकाश खत्री )।** निम्बाहेड़ा तहसील के ग्राम पंचायत बिनोता के बस स्टैंड पर बैठी गाय को अवैध रूप से भरी ओवरलोड गिट्टी के डम्पर ने गाय के दोनों पैर कुचल दिये ओर मोके से डम्पर लेकर फरार हो गया,गाय पूरी तरह से लहूलुहान हो गई ओर उसके दोनों पैर टूट गए। एम्बुलेंस की सहायता से गाय को गौशाला भिजवाया गया ,ग्रामीणों का आरोप है की अवैध रूप से भरे ओवरलोड डम्परो की वजह से आए दिन कोई न कोई दुर्घटना होती रहती है ओर डम्पर चालक मोके से फरार हो जाते है ओर इन डम्परो की गिट्टी पूरे रोड पर बिखरती रहती है जिससे दो पहिया वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त होते रहते है । गिट्टी को बिना ढके ले जाते है जिससे गिट्टी की धूल मिट्टी पूरे रास्ते उड़ती रहती है जो राहगीरो की परेशानी का सबब बनती रहती है। अब जब बिनोता पुलिस चौकी बस स्टैंड के पास मैन रोड पर ही है तो यह अवैध रूप से भरे ओवरलोड डम्पर कैसे निकल जाते है यह जाँच का विषय है, क्या इन अवैध रूप से ओवरलोड गिट्टी के डम्परो पर लगाम लग पाएगी या फिर ये डम्पर चालक ऐसे ही कभी गायों को कभी इंसानो को अपनी चपेट मे लेते रहेंगे ?

# भाजपा सदस्यता अभियान अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला संयोजक व सह संयोजक नियुक्त

बढ़ता राजस्थान

**अंता ( नि.स. )।** भाजपा द्वारा चलाये जा रहे सदस्यता अभियान के तहत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौर,भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष जनाब हमीद खान मेवाती,भाजपा बारां जिला अध्यक्ष नंदलाल सुमन व भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश संयोजक डॉ. मजीद मलिक कमांडो के निर्देशानुसार अल्पसंख्यक मोर्चा बारां जिला अध्यक्ष मकसूद अली के द्वारा भाजपा द्वारा चलाये जाने वाले सदस्यता अभियान के लिए भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा बारां के जिला संयोजक व सह संयोजक की घोषणा की गई जिनमे जिला संयोजक पूर्व अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष सईद अंसारी, सह संयोजक भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला महामंत्री तनवीर खान, असलम मंसूरी बारां ,डॉ. हमीद अंसारी मांगरोल व आरिफ मेव भंवरगढ़ को नियुक्त किया गया है ।

# जिला स्तरीय भामाशाह प्रेरक सम्मान समारोह 02 सितम्बर कों

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा( नि.स. )।** राज्य सरकार की ओर से शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालयों के भौतिक विकास में सहयोग कारने वाले भामाशाहों ओर उनको प्रेरित करने वाले प्रेरकों को सम्मानित करने हेतु जिला स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह-2024 दिनांक 02 सितम्बर को प्रात: 11.00 बजे जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, डाइट चित्तौड़गढ़ में आयोजित किया जायेगा। जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक शिक्षा राजेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि जिला स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह-2024 में मुख्य अतिथि चन्द्र प्रकाश जोशी सांसद चित्तौडगढ तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता चन्द्रभान सिंह आक्या विद्यायक चित्तौड़गढ़ करेंगे । जिला स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालयों के शैक्षिक / भौतिक उन्नयन के लिये 01 लाख से अधिक तथा 15 लाख रुपये तक सहयोग करने वाले दानदाताओं/भामाशाहों को शिक्षा श्री के रुप में व 05 लाख या अधिक तथा 30 लाख से कम के कार्य करवाने वाले दानदाताओं/भामाशाहों को सहयोग हेतु प्रेरित करने वाले प्रेरकों को जिला स्तर पर सम्मानित किया जायेगा। इस कार्यक्रम में जिले के सत्र 2023-24 के कुल भामाशाहों 09 व 01 प्रेरकों सम्मानित किया जायेगा।

**सम्मानित होने वाले भामाशाह / प्रेरक :** समारोह में नीलम वर्मा, गौरव चतुर्वेदी, कैलाश चन्द्र खटीक, जमना लाल मेनारिया, लोकेन्द्र सिंह भाटी, गोपाल गिरी, पीरू लाल खटीक, अशोक कुमार अग्रवाल, किशन लाल तेली (भामाशाह) एवं गणपत लाल आमेरिया (प्रेरक) सम्मानित होंगे।

# रामायण के पात्रों पर होंगे प्रवेश द्वार और बाजारों के नाम कलाकारों के नाम के लिए मेला समिति ने मांगे सुझाव

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** दशहरा मेले परिसर के प्रवेश द्वार और बाजारों के नाम अब रामायण के पात्रों के नाम पर होंगे।

यह निर्णय शुक्रवार को अध्यक्ष विवेक राजवंशी की अध्यक्षता में आयोजित मेला समिति की बैठक में लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए मेला अध्यक्ष राजवंशी ने कहा कि कोटा के दशहरा मेले की राष्ट्रीय स्तर पर अपनी एक प्रतिष्ठा है। इसमें अभिवृद्धि के लिए मेला समिति के सभी सदस्य, अधिकारी और कर्मचारी समर्पित भाव से कार्य करें। जो भी कार्य उन्हें बताए जा रहे हैं, उन्हें समय से पूरा किया जाए ताकि इस वर्ष के मेले को हम सामूहिक प्रयासों से भव्य स्वरूप दे सकें। बैठक में मेला परिसर के विभिन्न प्रवेश द्वारों और बाजारों का नाम रामायण के पात्रों पर रखने का निर्णय लिया गया। बैठक में ही चर्चा के बाद नामों को अंतिम स्वरूप भी दे दिया गया। बैठक में ही मेले परिसर के नए नक्शे का भी अनुमोदन किया गया।

### सोशल मीडिया पर हो मेले का व्यापक प्रचार

सोशल मीडिया के माध्यम से मेले को विश्व भर में पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। इसके लिए फेसबुक और इंस्टाग्राम का मेले दशहरा का वेरिफाइड पेज बनाया जाएगा। यू-ट्यूब पर भी मेले का चौनल तैयार किया जाएगा, जिस पर मेले के कार्यक्रमों का सीधा प्रसारण होगा। इसके अलावा सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स को भी मेले से जोड़ने के प्रयास किए जाएंगे। मेला समिति की बैठक में समिति सदस्य गिरिराज महावर, योगेश वालिया, विजय लक्ष्मी, ज्ञानेन्द्र आमेरा, सोनू धाकड़, विवेक मित्तल, रेखा यादव, सुमित्रा खींची, भगवती महावर, श्री योगेन्द्र शर्मा संदीप नायक, दक्षिण निगम की आयुक्त सरिता सिंह, उत्तर निगम के आयुक्त अनुराग भार्गव, मेला अधिकारी जवाहर लाल जैन, अतिरिक्त मेला अधिकारी महेश चन्द गोयल, मेला प्रभारी महावीर सिंह सिसोदिया, अधीक्षण अभियन्ता कुलदीप प्रेमी, अधिशासी अभियन्ता ए.क्यू.कुरैशी, सुमित कंजोलिया एवं सभी संबंधित अधिकारी, अभियन्ता और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्रोपर्टी डीलर को अगवा कर मारपीट चाय पीने के बहाने बुलाया

## 15 लाख मांगे, कार से उतरकर जान बचाकर भागे

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** शहर में प्रोपर्टी डीलर का अपहरण कर बंधक बनाकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। घायल को इलाज के लिए एमबीएस हॉस्पिटल में भर्ती करवाया है। पीड़ित की शिकायत पर महावीर नगर थाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ किडनैप, लूट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है। घटना शुक्रवार रात की है। रंगबाड़ी निवासी पीड़ित हृदय सागर (43) के अनुसार उनके प्रोपर्टी का काम है। दोस्त महेंद्र मेघवाल ने शुक्रवार को फोन करके बुलाया था। महेंद्र ने बताया कि भूपेंद्र महिपाल नाम का युवक मिलना चाहता है। उसने साथ में चाय पीने को कहा। दोस्त महेंद्र के बुलाने पर शाम 6 बजे घटोत्कच सर्किल पर आया। वह तीनों कार में बैठकर बातचीत करने लगे। उस दौरान भूपेंद्र ने किसी को फोन लगाया। थोड़ी देर में 5-7 युवक वहां आ गए। उन्होंने महेंद्र और उन्हें पकड़कर पैसों की डिमांड की, चिल्लाने पर मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। युवक दो, ढाई घंटे तक मारपीट करते रहे।

### पुलिस की गाड़ी देखकर भागे बदमाश

जैसे-तैसे युवकों के चंगुल से छूटकर कार से बाहर निकले। वो सर्किल की तरफ भागे और दोस्त महेंद्र दूसरी तरफ भागा। युवकों ने बाइक से उनका पीछा कर मारपीट शुरू कर दी। फिर मुझे बंधक बनाकर कार में डाल दिया। कार में 4-5 युवक थे, जो उसे महावीर नगर विस्तार योजना इलाके के सुनसान पार्क में ले गए। वहां बेसबॉल व डंडों से मारपीट की। चिल्लाने पर मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। युवक दो ढाई घंटे तक मारपीट करते रहे। इस दौरान मोबाइल पर पत्नी कॉल आया। युवकों ने 15 लाख नहीं देने पर मारने की धमकी दी। मां ने पत्नी से फोन लेकर युवकों से बात की। युवकों ने 15 लाख लेकर आरकेपुरम आने को कहा। करीब साढ़े 8 बजे कॉलोनी के किसी व्यक्ति ने कंट्रोल रूम पर सूचना दी होगी। जिसके बाद पुलिस की ट्रैकर वहां आ गई। पुलिस की गाड़ी आती देख युवक दीवार फांदकर भाग गए। पुलिसकर्मी उसे महावीर नगर थाने लेकर आ गए। जिन लोगों ने मारपीट की उनको नहीं जानता। भूपेंद्र महिपाल से भी एक दो बार मुलाकात हुई थी। हृदय की मां बीना सागर के अनुसार रात को बेटा घर नहीं लौटा तो उसके फ़ोन किया। बेटे का फोन किसी अन्य युवक ने उठाया और कहा आरकेपुरम से दिलीप हाड़ा बोल रहा हूं। कहा 15 लाख लेकर आ जाओ वरना बेटा जिंदा नहीं बचेगा। डर के मारें महावीर नगर थाने शिकायत करने गई। थाने पर मौजूद पुलिसकर्मी ने आरकेपुरम थाने जाकर शिकायत देने को कहा। फिर आरकेपुरम थाने गए तो उन्होंने भी एक्शन नहीं लिया। वापस महावीर नगर थाने जाने को कहा। वापस महावीर नगर थाने के लिए रवाना हुए इस बीच हृदय का फोन आ गया। उसने कहा वो महावीर नगर थाने में है।

# स्थानीय लोगों के रोजगार को लेकर ग्राम वासियों ने किया जेके माइंस में चक्काजाम



बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा ( प्रकाश खत्री )।** निम्बाहेड़ा तहसील के ग्राम पंचायत फलवा के माल्याखेड़ा माइंस और कारुंडा माइंस में स्थानीय लोगों को रोजगार में योग्यता के आधार प्राथमिकता मिले और बाहरी श्रमिको द्वारा माइंस में यूनियन बनाए जाने का विरोध किया जा रहा है ऐसे मे बाहरी श्रमिकों को माइंस से हटाया जाए इस विरोध में स्थानीय ग्रामपंचायत वासियों ने जेके माइंस में चक्का जाम किया । चक्का जाम करने पर जेके सीमेंट प्रबंधन मौके पर पहुंच मामले की जानकारी लेकर सभी स्थानीय लोगों को आश्वस्त किया है की एक सप्ताह में स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार के लिए प्रबंधन को बायोडाटा सबमिट करा कर रोजगार का अवसर दिया जाएगा और बाहरी ऐसे श्रमिकों को माइंस से बाहर किया जाएगा जो जेके सीमेंट और स्थानीय लोगों के खिलाफ साजिश रच रहे है।

चक्का जाम करने में विजय आमेटा, भोपराज गायरी,राजू लाल जाट,घनश्याम अहिर,मेघराज जाट, भोपराज जाट,राजू जाट फलवा,शिव लाल अहिर,दिलीप अहिर,विकास धाकड़,नारायण मेघवाल, हेमंत भट्ट,सत्यनारायण दास,लच्छी राम डांगी,बाबू लाल अहिर,धर्मराज अहिर,कन्हैया लाल मेघवाल,मुकेश जाट,दिलीप सुथार,सुरेंद्र सिंह,कालूराम डांगी,पुष्पेंद्र दास,उदय लाल,गोपी लाल,रमेश चंद्र डांगी,उदय लाल डांगी,भेरू लाल सरगरा सहित अन्य ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

# नशे की लत मरीज के साथ-साथ उसके परिवार और समाज के लिए भी हानिकारक है : डॉ नीना विजयवर्गीय

## अफिनिटी हॉस्पिटल की ओर से जन जागृति अभियान निरंतर जारी

बढ़ता राजस्थान




**कोटा ( राजकुमार विजय )।** अफिनिटी हॉस्पिटल, तलवंडी चौराहा द्वारा शनिवार को इंटरनेशनल ओवरडोज अवेयरनेस दिवस मनाया गया और साथ ही नशे की लत और नशा-मुक्ति के विषय पर एक वर्कशॉप का आयोजन भी किया गया।

डॉ. नीना विजयवर्गीय, मनोचिकित्सक एवं काउंसलर, एमबीबीएस, डीपीएम (साइकेट्री), एमआईपीएस ने बताया कि आज भारत बुरी तरह से नशे की समस्या से जूझ रहा है। यह बेहद जटिल और बहुआयामी मुद्दा है जो देश के सार्वजनिक स्वास्थ्य और सामाजिक ताने बाने को क्षति पहुँचा रहा है। नशीली दवाओं की लत लगातार बढ़ने से निजी जीवन में अवसाद, पारिवारिक कलह, पेशेवर अकुशलता और सामाजिक सह-अस्तित्व की आपसी समझ मे समस्याएं सामने आ रही हैं। डॉ. विजयवर्गीय ने बताया कि नशे की लत से ग्रसित व्यक्ति इसके उपयोग को रोक नहीं पाता है, कमाई से ज्यादा नशे पर खर्चा करता है, नशीले पदार्थों की बहुत तेज आवश्यकता महसूस होने लगती है, नशे के पदार्थ की मात्रा धीरे-धीरे बढ़ने लगती है और व्यक्ति गर्त में चला जाता है।

आयोजित वर्कशॉप में नशे की लत, इसके लक्षण, इसके कारण, इससे जुड़ी भ्रांतियां व तथ्य, नशा-मुक्ति के उपाय आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। इस वर्कशॉप के दौरान काउंसलर व विषय विशेषज्ञ चिकित्सकों की पूरी टीम द्वारा नशे की लत को दूर करने और इससे बचाव के बारे में जानकारी दी गई। वर्कशॉप का लाभ उपस्थित मरीज, उनके परिजन, आमजन एवं हॉस्पिटल स्टाफ ने उठाया।

# शिक्षा मंत्री के निर्देश के बाद भी जिला प्रशासन मौन, 2 सितम्बर तक का समय मांगा

बढ़ता राजस्थान



**झालावाड़ ( नि.स. )।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा खेल मैदान के अतिक्रमण मुक्ति कर अवैध निर्माण ध्वस्त करने के लिए आंदोलन नियमित रूप से जारी रहा। नगर मंत्री ऋषिराज सिंह नथावत ने बताया शिक्षा मंत्री द्वारा अतिक्रमण हटाने और अवैध निर्माण ध्वस्त की बोलने पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर द्वारा स्वयं ने कहाँ था की कल मे हटावा दूंगा लेकिन जब कार्यकर्ता पहुँचे व जिला प्रशासन से बात की तो हमे ध्यान मे नही रहा, अभी तैयारी नही की ऐसे बहाने बनाने लगे तब कार्यकर्ताओ ने मैदान पर धरना देना प्रारम्भ करके आक्रोश व्यक्त किया । तीन घंटे धरना चलने के बाद अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक प्रशासन के प्रतिनिधि के रूप में वार्ता के लिए पहुँचे व 2 सितम्बर तक अतिक्रमण हटाने और अवैध निर्माण ध्वस्त का आश्वासन दिया जिसके बाद कार्यकर्ताओ ने आश्वासन मानते हुए जिला प्रशासन द्वारा मांगे गये समय तक धरने को स्थगित किया। इस अवसर पर सेवार्थ विधार्थी प्रांत संयोजक योगेंद्र नागर जिला सयोंजक अंकित देव गुर्जर , छात्र संघ अध्यक्ष दिपेन्द्र सिंह , उपाध्यक्ष रवि मेघवाल महासचिव राहुल फाघणा ,ललित नागर , निखिल गुर्जर, रामसुरुप लोधा , विशाल सेन राहुल मेहरा , विक्रम गुर्ज धीरज गुर्जर गरिमा मेहता हर्षित जैन , आशीष नागर हर्षित खरेतिया ,अक्षर सिंह ,सुरेंद्र ,अमित शर्मा कमल गुर्जर ,रोहित धाकड़ , जतिन नागर , लखन फाघणा ,कुलदीप लोधा ,आदि स्कूल विधार्थी उपस्थित रहें ।

# यूथ कांग्रेस का अजीबोगरीब प्रदर्शन, राधा मोहन दास के उपचार के नाम पर सड़क पर मांगी भीख

बढ़ता राजस्थान




**कोटा ( का.स. )।** भाजपा के प्रदेश प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल ने कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट पर टिप्पणी की थी। इसी के विरोध में शुक्रवार को कोटा में यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने अनूठे अंदाज में प्रदर्शन कर अपना आक्रोश जाहिर किया।

यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने शहर के तलवंडी चौराहे पर एकत्रित होकर भीख मांगी। साथ ही लोगों से कहा गया कि वो इस राशि को भाजपा कार्यालय भेजेंगे। इस प्रदर्शन का नेतृत्व प्रदेश युवा कांग्रेस के वरिष्ठ सचिव यश गौतम, प्रदेश सचिव मयंक चतुर्वेदी और गिर्राज गौतम ने किया। मौके पर मीडियाकर्मियों से मुखातिब हुए यश गौतम ने कहा कि उन्होंने भीख मांगकर जो राशि एकत्र की है, उसे कूरियर के जरिए भाजपा कार्यालय भेजा जाएगा, ताकि प्रदेश भाजपा प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल इस राशि से अपने बिगड़े मानसिक संतुलन का उपचार करा सकें। उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी को साफ तौर पर हार नजर आ रही है। ऐसे में जनता का ध्यान भटकने के लिए पार्टी के नेता अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। वहीं, कांग्रेस नेता गिर्राज गौतम ने कहा कि अग्रवाल को माफी मांगनी चाहिए।

अगर वो सचिन पायलट से माफी नहीं मांगते हैं तो आगे पूरे राजस्थान में उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब से अग्रवाल राजस्थान भाजपा के प्रभारी बने हैं, तभी से वो अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं।

# जोन चेयरमैन ने किया क्लब गतिविधियों का निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 श्व 2 के जोन 2 के चेयरमैन के.के. राठी भवानी मंडी से आधिकारिक दौरे पर शुक्रवार को कोटा आए।लायंस क्लब कोटा सेंट्रल की अध्यक्ष मधु ललित बाहेती एव सेक्रेटरी राधा खुवाल ने बताया कि क्लब कार्यों का अवलोकन एव मूल्यांकन करने के लिए लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 श्व 2 के जोन 2 के चेयरमैन के.के. राठी भवानी मंडी से ऑफिशियल विजिट पर आए। स्वागत उद्बोधन में अध्यक्ष बाहेती ने डिस्ट्रिक्ट प्राइम प्रोग्राम्स जो रनिंग में क्लब द्वारा किए जा रहे हैं, उनके बारे में बताया। सेक्रेटरी खुवाल ने अब तक संपन्न गतिविधियों की डिटेल जानकारी दी । मुख्य अतिथि जोन चेयरमैन राठी ने अपने उद्बोधन मे क्लब के कार्यों की सराहना की , डिस्ट्रिक्ट के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी । विशिष्ट अतिथि पीडीजी विशाल माहेश्वरी ने तन मन धन से निस्वार्थ भाव से सेवा कार्य करने की बात कही । लायन राजकुमार रेखा कहालिया, चंदा बरवाडिया, ममता विजय का सक्रिय कार्यकर्ता के लिए सम्मान किया गया। इस दौरान 40 सदस्य उपस्थित रहे ।

# महिला थाना में सी.एल. जी. बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** महिला थाना परिसर, जिला कोटा शहर में थानाधिकारी रविंद्र सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को सी.एल.जी. की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सेवानिवृत पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी, समाज सेवक, शिक्षाविद, पुलिस सखी, पुलिस मित्र तथा अन्य गणमान्य नागरिक सम्मिलित हुए। बैठक में थाने पर लंबित परिवाद एव अनुसंधान प्रकरणों के निस्तारण पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान थाने पर उपस्थित पीड़ित पक्ष को भी सुना जाकर समझाइश की गई। थाने पर सभी को 1 जुलाई, 2024 से भारतीय दण्ड संहिता के स्थान पर अस्तित्व में आए भारतीय न्याय संहिता के विभिन्न प्रावधानों की भी जानकारी दी गई।

बैठक में सी एल जी सदय ललिता लोधा, सेवानिवृत पुलिस निरीक्षक तथा प्रेम शंकर, कृष्णा चंद्रावत, उपनिरीक्षक एव रेहाना अब्बास एवम पूर्णिमा व्यास, सहायक उप निरीक्षक सहित महिला थाना स्टाफ के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

RNI NO. RAJHIN/2010/35060
दैनिक बढ़ता राजस्थान

# राजस्थान के 22 जिलों में बारिश का अलर्ट

**जयपुर में हुई बरसात; अब तक 50% से ज्यादा बरसा पानी**



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में मानसून की हल्की बारिश का दौर शुक्रवार को भी जारी रहा। देर रात जयपुर के कुछ इलाकों में बारिश हुई। वहीं, शुक्रवार शाम को गंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, जालोर, बाड़मेर, डूंगरपुर, भरतपुर और सीकर में भी कई जगह पानी बरसा। मौसम विभाग ने आज भी राज्य में हल्की बारिश होने का अनुमान जताया है। वहीं, 1 सितंबर को 22 जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। पिछले 24 घंटे के दौरान सबसे ज्यादा बरसात भरतपुर के सीकरी एरिया में 53 एमएम बरसात दर्ज हुई। गंगानगर के पदमपुर में 28, श्रीकरनपुर में 26, अलवर के गोविंदगढ़ में 25, बहरोड़ में 30 और डूंगरपुर के दोवड़ा में 23 एमएम बरसात दर्ज हुई।

## अब आगे क्या

जयपुर मौसम केन्द्र की ओर से राजस्थान में आज भी उत्तर-पूर्वी हिस्सों में हल्की बारिश होने, बादल छाने की संभावना जताई है। कुछ जिलों में मौसम शुष्क रहने और धूप निकलने की संभावना है। निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आंध्र प्रदेश उड़ीसा तट पर बंगाल की खाड़ी में एक नया लो-प्रेशर सिस्टम बना है। ये सिस्टम अगले 24 घंटे में और स्ट्रांग होकर वेल मार्क लो-प्रेशर सिस्टम में तब्दील होगा। ये सिस्टम अब आगे उत्तर पश्चिमी दिशा की तरफ बढ़ रहा है। इस सिस्टम के असर से राजस्थान के कई हिस्सों में तेज बारिश होने की संभावना है।

# गिरिराज सिंह को मुक्का मारने की कोशिश बेगूसराय में जनता दरबार से निकल रहे थे, आप कार्यकर्ता ने किया हमला

बढ़ता राजस्थान

**बेगूसराय ( एजेंसी )।** बेगूसराय में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह को मुक्का मारने की कोशिश की गई। दरअसल, शनिवार को बलिया प्रखंड में जनता दरबार का आयोजन किया गया था। इसमें केंद्रीय मंत्री शामिल हुए थे। जनता दरबार से निकलते समय एक शख्स ने हमला कर दिया। हालांकि, सुरक्षाकर्मियों ने केंद्रीय मंत्री को बचा लिया। हमला करने वाले शख्स के साथ वहां मौजूद लोगों ने पिटाई भी की है। पुलिस हमलावर को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि जनता दरबार खत्म होने के बाद लखमिनियां निवासी वार्ड पार्षद और आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता शहजादुज्जमा उर्फ सैफी की ओर से कुछ सवाल पूछा गया। चलते-चलते केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि आपके द्वारा पूछे गए सभी सवालों का जबाव दे दिया गया है। इसके बाद सैफी ने नारेबाजी शुरू कर दी। पुलिस ने नारेबाजी से मना किया तो गिरिराज सिंह को मुक्के से मारने की कोशिश की। घटना पर अपनी बात रखते हुए गिरिराज सिंह ने कहा कि हम निकलने लगे उसने मुर्दाबाद का नारा लगाना शुरू कर दिया। दुर्भाग्य है कि दाढ़ी होने के कारण तेजस्वी यादव भी उसके साथ खड़े हो जाएंगे, अखिलेश यादव भी वोट के लिए उसके साथ खड़े हो जाएंगे। लेकिन, मैं ऐसी चीजों से नहीं डरता। मैं लखमीनिया, बलिया, बेगूसराय या देश में जो भी साम्प्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ना चाहेंगे, उसके खिलाफ हमारी आवाज उठती रहेगी। बेगूसराय और बिहार सहित पूरे देश में हिंदुओं के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा हैं, जिसे हम सफल नहीं होने देंगे। यह लोग बांग्लादेश की तरह गलत करने की कोशिश करते हैं। देश में जहां कहीं भी सांप्रदायिक तनाव बिगड़ा है, वह हिंदू से नहीं, मुसलमान की तरफ से बिगड़ा है। तथाकथित आजादी के बाद से एक भी ताजिया पर हिंदुओं ने कभी पत्थर नहीं फेंका।

# हरियाणा विधानसभा चुनाव की तारीख बदली

## 1 अक्टूबर की जगह 5 अक्टूबर को वोटिंग, नतीजे 8 अक्टूबर को आएंगे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** हरियाणा विधानसभा चुनाव की तारीख चुनाव आयोग ने बदल दी है। 90 सीटों पर चुनाव 1 अक्टूबर की जगह अब 5 अक्टूबर को होंगे। इसके अलावा रिजल्ट 8 अक्टूबर को आएंगे। आयोग ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के भी नतीजे 8 अक्टूबर को घोषित करने का ऐलान किया है। पहले दोनों राज्यों के नतीजे 4 अक्टूबर को आने वाले थे। चुनाव आयोग ने कहा कि राजस्थान की ऑल इंडिया बिश्नोई महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने हमसे तारीख बदलने की मांग की थी। उनका कहना था कि कई पीढ़ियों से पंजाब, राजस्थान और हरियाणा के कई परिवार गुरु जम्भेश्वर की याद में बीकानेर जिले में 'असोज' महीने की अमावस्या के दौरान पैतृक गांव मुकाम में सालाना उत्सव में भाग लेते हैं। इस साल यह उत्सव 2 अक्टूबर को पड़ रहा है। इसके चलते सिरसा, फतेहाबाद और हिसार के हजारों बिश्नोई परिवार मतदान के दिन राजस्थान की यात्रा करेंगे, जिससे वे 1 अक्टूबर को वोट नहीं डाल पाएंगे।

### आईएनएलडी के प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला

आईएनएलडी महासचिव अभय सिंह चौटाला ने मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखकर 1 अक्टूबर को होने वाले मतदान की तारीख को आगे बढ़ाने की बीजेपी की मांग का समर्थन किया था। उन्होंने लेटर में लिखा, चूंकि लोग आमतौर पर वीकेंड पर छुट्टियों पर जाते हैं, इसलिए यह निश्चित रूप से मतदान को प्रभावित करेगा। मत प्रतिशत पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा और मतदान प्रतिशत में 15 से 20 प्रतिशत की कमी होने की संभावना है।

इसके अलावा चुनाव के लिए कर्मचारियों के प्रशिक्षण के साथ-साथ चुनाव की तैयारी पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। हरियाणा में मतदाताओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने और मतदान प्रतिशत को अधिकतम करने के लिए मतदान की तारीख/दिन को एक या दो सप्ताह तक आगे बढ़ाया जाए।



### बिश्नोई समाज का 11 विधानसभा क्षेत्रों में असर

बिश्नोई समाज की वेबसाइट से मिली जानकारी के मुताबिक भिवानी, हिसार, सिरसा और फतेहाबाद जिलों में बिश्नोई बाहुल्य गांव हैं। इनका असर करीब 11 विधानसभा क्षेत्रों में है। जिनमें करीब डेढ़ लाख वोट है। इसमें आदमपुर, उकलाना, नलवा, हिसार, बरवाला, फतेहाबाद, टोहाना, सिरसा, डबवाली, ऐलनाबाद, लोहारू विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने चुनाव आयोग को लेटर लिखकर कहा था कि 28 और 29 सितंबर को शनिवार-रविवार है। 1 अक्टूबर को वोटिंग होगी, जबकि 2 अक्टूबर को गांधी जयंती और 3 अक्टूबर को अग्रसेन जयंती की छुट्टी है। इतनी लंबी छुट्टियों में वोटर बाहर घूमने निकल जाएंगे। इससे वोटिंग कम हो सकती है। बड़ौली ने लेटर में यह भी बताया कि 2 अक्टूबर को राजस्थान में मुकाम धाम में आसोज का मेला शुरू होगा। यह बिश्नोई समाज का बड़ा धार्मिक कार्यक्रम है। इस मेले में राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, दिल्ली से लोग पहुंचते हैं। हरियाणा में बिश्नोई समाज की जनसंख्या अधिक है। इसका असर भी वोटिंग पर हो सकता है।

### अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा

अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा ने भी मुख्य चुनाव आयुक्त को लेटर लिखकर चुनाव की डेट बदलने की मांग की थी। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र बुडिया ने कहा कि एक अक्टूबर को राजस्थान के बीकानेर में बड़े मेले का आयोजन होगा। इसमें बिश्नोई समाज के काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऐसे में चुनाव की डेट बदली जाए। राजस्थान के बीकानेर में मुकाम धाम स्थित है, जहां आसोज अमावस्या पर मेला लगता है। इस बार आसोज अमावस्या एक अक्टूबर को रात 9.39 बजे शुरू होगी और 3 अक्टूबर को 12:18 बजे समाप्त होगी।

# महावीर खराडी बने आरएएस एसोसिएशन के अध्यक्ष

**जयपुर।** राजस्थान प्रशासनिक सेवा परिषद (आरएएस एसोसिएशन) के लिए हुए चुनाव में महावीर खराडी अध्यक्ष पद के लिए चुने गए। महावीर खराडी को 362 वोट मिले। वहीं, अशोक शर्मा को 286 और राकेश शर्मा 256 वोट मिले। कार्यालय निर्वाचन मंडल राजस्थान प्रशासनिक सेवा परिषद की अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची के अनुसार 928 सदस्यों में से 903 सदस्यों ने ऑनलाइन मतदान किया। शनिवार सुबह आरएएस क्लब में अध्यक्ष पद के लिए सुबह 10.15 से 11.15 बजे तक नामांकन भरे गए थे। इसमें तीन उम्मीदवार जिनमें राकेश शर्मा, अशोक शर्मा व महावीर खराडी ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किया। था निष्पक्ष चुनाव प्रकिया संपन्न करवाने के लिए केसर लाल मीणा, दिनेश शर्मा व नीलिमा तक्षक का निर्वाचन मंडल बनाया गया था। इसमें नीलिमा तक्षक को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया था। 11.30 बजे तक प्राप्त नामांकनों की जांच की गई। 11.45 बजे तक नाम वापसी व दोपहर 12 बजे चुनाव योग्य प्रत्याशियों की अंतिम सूची का प्रकाशन किया गया। मतदान दोपहर 12.15 से शाम 4.15 बजे तक किया गया।


# कुकी-जो संगठनों की मणिपुर में कुकीलैंड की मांग

## रैलियां निकालीं; बीजेपी प्रवक्ता का आरोप- जिस घर में मां-बाप थे, कुकी लोगों ने उसमें आग लगाई

बढ़ता राजस्थान

**इंफाल ( एजेंसी )।** । कुकी-जो समुदाय के लोगों ने शनिवार (31 अगस्त) को मणिपुर के चुराचांदपुर, कांगपोकपी और टेंग्नौपाल में रैलियां निकालीं। इन संगठनों की मांग है कि मणिपुर में अलग कुकीलैंड बनाया जाए, जो केंद्र शासित प्रदेश हो। इन संगठनों का कहना है कि ने पुडुचेरी की तर्ज पर विधानसभा के साथ एक केंद्र शासित प्रदेश बनाना ही राज्य को जातीय संघर्ष से बाहर निकालने का इकलौता रास्ता है।

इधर, पेनियल में बीजेपी प्रवक्ता टी माइकल एल हाओकिप के घर पर आग लगा दी गई। हाओकिप ने ङ्क पर वीडियो शेयर करते हुए आरोप लगाया है कि यह काम कुकी लोगों का है। हाओकिप ने कहा कि पिछले एक साल के अंदर तीसरी बार उनके घर पर हमला हुआ। पिछले हफ्ते भी 30 से ज्यादा हथियारबंद लोगों ने कई राउंड फायरिंग की थी। मणिपुर




में निकाली गई रैलियों में सीएम बीरेन सिंह के न्यूज एजेंसी को दिए इंटरव्यू का विरोध किया गया। इंटरव्यू में मुख्यमंत्री ने कुकी समूहों की अलग प्रशासन (कुकीलैंड) की मांग को खारिज कर दिया।

सीएम बीरेन ने कहा कि वे राज्य की पहचान को कमजोर नहीं होने देंगे। बीरेन मैतेई समुदाय से आते हैं। जिस इलाके में कुकी रहते हैं, उस क्षेत्र के लिए एक विशेष विकास पैकेज देने का आश्वासन दिया है। इसके अलावा बीरेन सिंह के सोशल मीडिया पर वायरल ऑडियो पर भी बवाल मचा है। इस ऑडियो को सीएम बीरेन सिंह का बताया गया है।

## शंभू बॉर्डर पर किसान आंदोलन में पहुंचीं विनेश फोगाट

# हक मांगने वाला हर व्यक्ति राजनेता नहीं होता, धर्म से भी ना जोड़ें : विनेश फोगाट

बढ़ता राजस्थान

**अमृतसर ( एजेंसी )।** । पेरिस ओलिंपिक से डिसक्वालिफाई हुई पहलवान विनेश फोगाट शनिवार को पंजाब-हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन में पहुंचीं। यहां किसान नेताओं ने मंच पर उनको सम्मानित किया। किसानों की तरफ से आंदोलन को 200 दिन पूरे होने पर यहां कार्यक्रम रखा गया था। इसके बाद विनेश फोगाट खनौरी बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन में शामिल होंगी। इस मौके पर विनेश फोगाट ने कहा- आज किसानों को यहां बैठे 200 दिन हो गए, लेकिन जोश पहले दिन जैसा ही है। आपकी बेटी आपके साथ है। मैं सरकार को कहती हूं कि देश के लोग हक की आवाज उठाते हैं तो हर बार यह पॉलिटिकल नहीं होता। इसे किसी धर्म से नहीं जोड़ना चाहिए। विनेश ने आगे कहा- मैं सरकार से आग्रह करती हूं कि उन्हें सुनना चाहिए। उन्होंने पिछली बार अपनी गलती स्वीकार की थी। उन्हें अपने वादे पूरे करने चाहिए। इसे हल करना सरकार की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए।

**मेरा देश पीड़ित, किसान परेशान :** मैं अपने परिवार के पास आई हूं। अगर आप इस पर बात करेंगे तो आप उनके (किसानों) संघर्ष और लड़ाई को बर्बाद कर देंगे। आज फोकस



मुझ पर नहीं है, फोकस किसानों पर होना चाहिए। मैं एक एथलीट हूं। मैं पूरे देश की हूं। मुझे इस बात से कोई लेना-देना नहीं है कि किस राज्य में चुनाव हो रहे हैं। मैं सिर्फ इतना जानती हूं कि मेरा देश पीड़ित है, किसान परेशान हैं। उनके मुद्दों का समाधान होना चाहिए।

**किसान देश को चलाते हैं, उन्हें देखकर दुख होता है :** विनेश ने कहा कि किसानों के आंदोलन को 200 दिन हो गए हैं। यह देखकर दुख होता है। वे सभी इस देश के नागरिक हैं। किसान देश को चलाते हैं। उनके बिना कुछ भी संभव नहीं है। यहां तक कि खिलाड़ी भी नहीं हैं। अगर वे हमें खाना नहीं देंगे तो हम भी कॉम्पिटिशन नहीं कर पाएंगे। कई बार हम असहाय होते हैं और कुछ नहीं कर पाते हैं। हम इतने बड़े स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करते हैं, लेकिन हम अपने परिवार के लिए कुछ नहीं कर पाते हैं। भले ही हम उन्हें दुखी देखते हों।

**पहलवान आंदोलन में हमारा भी हौसला टूटता था :** विनेश ने कहा कि जब कोई आंदोलन चलता है तो उम्मीद टूटने लगती है, क्योंकि हम खुद ऐसी जगह से निकले हैं। जब हम दिल्ली में बैठे थे तो हमारा भी हौसला ऐसा होता था कि पता नहीं ये कब मानेंगे, लेकिन यहां हौसला देखकर लग रहा कि पहली ही दिन है।

हां, अगर लोग इस तरह सड़कों पर बैठे

# कोलकाता रेप-मर्डर केस, पुलिस का सिविक वॉलंटियर गिरफ्तार

## जूनियर डॉक्टरों के प्रोटेस्ट में शराब पीकर बाइक चलाई, छात्र को टक्कर मारी थी

बढ़ता राजस्थान

**कोलकाता ( एजेंसी )।** कोलकाता आरजी कर मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर के विरोध में जूनियर डॉक्टरों के प्रदर्शन का 23वां दिन है। रविंद्र भारती यूनिवर्सिटी के पास चल रहे प्रदर्शन के दौरान शुक्रवार रात 2 बजे एक शख्स शराब के नशे में बाइक लेकर में घुस गया।

इस दौरान उसने एक छात्र को टक्कर मार दी, जिसमें उसे चोट आई है। इस पूरे घटनाक्रम के समय पुलिस भी मौजूद थी, लेकिन उसने बिना एक्शन लिए आरोपी को छोड़ दिया। इसके बाद डॉक्टरों ने आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर 5 घंटे तक बीटी रोड जाम कर दिया। आरोपी की बाइक पर कोलकाता पुलिस का स्टिकर लगा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। उसे सिविक वॉलंटियर टीम से भी हटा दिया गया है। ये शख्स भी रेप-मर्डर केस के आरोपी संजय रॉय की तरह कोलकाता पुलिस में सिविक वॉलंटियर था।



**प्रदर्शन के दौरान गिरफ्तार छात्र को कोर्ट ने रिहा किया :** कलकत्ता हाईकोर्ट ने 30 अगस्त को रेप-मर्डर केस के विरोध में प्रदर्शन करने वाले छात्र सायन लाहिड़ी को रिहा करने का आदेश दिया है। सायन पर बिना परमिशन के नबन्ना रैली निकालने का आरोप था। इसी रैली में हिंसा के दौरान कई पुलिसकर्मी घायल हुए थे। कोर्ट ने पुलिस को फटकार लगाते हुए कहा कि अधिकारियों को इस मुद्दे को संवेदनशील तरीके से संभालना चाहिए था, न कि प्रदर्शनकारियों को निशाना बनाकर उन्हें आंदोलन करने से रोकना चाहिए था। पुलिस को यह समझना चाहिए कि रेप-मर्डर केस को लेकर लोगों में गुस्सा है। दरअसल, पश्चिम बंग छात्र समाज के कार्यकर्ताओं ने ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर केस के विरोध में 27 अगस्त को प्रदर्शन किया था। नबन्ना अभियान प्रदर्शन हिंसक हो गया था। जिसमें 100 से ज्यादा छात्र, 25 से ज्यादा पुलिसकर्मी घायल हुए थे।

पुलिस ने हिंसा के आरोप में सायन

### छात्र की मां बोली- कॉलेज की घटना से छात्र परेशान था

लाहिड़ी की मां ने बेटे की गिरफ्तारी के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। उन्होंने कहा था कि उनका बेटा पश्चिम बंग छात्र समाज से जुड़ा नहीं है और न ही किसी रैली का नेतृत्व किया है। वह मेडिकल कॉलेज में हुई घटना से बहुत परेशान था। इसी वजह से बस छात्रों के प्रदर्शन में शामिल हुआ था। कोर्ट ने छात्र को रिहाई का आदेश देते हुए कहा कि अगर मेडिकल कॉलेज में घटना नहीं होती, तो पश्चिम बंग छात्र समाज का अस्तित्व ही नहीं होता। हजारों आम लोग विरोध रैली में शामिल हुए। याचिकाकर्ता के बेटे ने सक्रिय भूमिका निभाई होगी और अन्य प्रदर्शनकारियों की तुलना में थोड़ा अधिक मुखर रहा होगा। इसका यह मतलब नहीं है कि याचिकाकर्ता का बेटा रैली का नेता है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण

किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# उपमुख्यमंत्री डॉ बैरवा ने आमजन के साथ मनाया 55वां जन्मदिवस

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने शनिवार को अपना 55वां जन्मदिन स्वागत सम्मान कार्यक्रमों के बीच सादगी के साथ मनाया। सरल एवं सौम्य व्यवहार के धनी उप मुख्यमंत्री डॉ बैरवा ने अपने दिन की शुरुआत मोती डूंगरी गणेश मंदिर में दर्शन कर की और दोपहर बाद अपने विधानसभा क्षेत्र दूदू के गेंजी ग्राम स्थित श्री शैलेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में आमजन के बीच जन आशीर्वाद कार्यक्रम में भाग लिया। डॉ बैरवा ने शनिवार सुबह मोती डूंगरी गणेश मंदिर और मानसरोवर स्थित वीर तेजाजी महाराज मंदिर के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात उन्होंने दूदू जिले में आयोजित स्वागत सम्मान कार्यक्रमों में शिरकत की, जहां पर रेनवाल माजी, फागी, चकवाडा, मौजमाबाद, दूदू, पड़ासोली में जगह-जगह स्वागत सम्मान कार्यक्रम आयोजित किये गए। साथ ही, उप मुख्यमंत्री ने विधानसभा क्षेत्र दूदू के विभिन्न स्थानों, मंदिरों के दर्शन किये और आमजन द्वारा आयोजित स्वागत कार्यक्रम में पहुँच कर आमजन के बीच अपना जन्मदिन मनाया। इस दौरान केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री व अजमेर लोकसभा सांसद श्री भागीरथ चौधरी, विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी, सिविल लाईन विधायक श्री गोपाल शर्मा सहित विभिन्न जन प्रतिनिधियों व गणमान्य जनों ने जन आशीर्वाद कार्यक्रम में पहुंचकर डॉ बैरवा को जन्मदिन की बधाई व शुभकामनाएं दी।

